# हरिभूमि


जबलपुर
सोमवार, 24 फरवरी 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
CII Confederation of Indian Industry
EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर


- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये
invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का विहंगम दृश्य, यहीं होगी जीआईएस



# टीम इंडिया की पाकिस्तान पर धमाकेदार जीत

## प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली

**दुबई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर जमकर चला है। उन्होंने 15 महीने बाद वनडे क्रिकेट में अपना शतक जमाया है। उन्होंने यह उपलब्धि भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए।**

भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला।विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में भारत ने पकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई स्टेडियम में विराट की सेंचुरी के चलते टीम ने 242 रन के लक्ष्य को 42.3 ओवर में 244/4 का स्कोर बनाकर हासिल कर लिया। कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए।रविवार को कई रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। पूर्व खिलाड़ी इरफान पठान ने ट्रॉफी प्रेजेंट की। अक्षर की डायरेक्ट हिट पर इमाम आउट हुए। शाहीन की यॉर्कर पर रोहित बोल्ड हुए। गिल का कैच खुशदिल ने छोड़ा। विराट कोहली भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। उन्होंने बाउंड्री लगाकर सेंचुरी पूरी की।

**50** *से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आए*

◆ 8 वां इन्वेस्ट मप्रः ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 आज से, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

# प्रदेश पर खूब बरसेगा 'धन'

## भोपाल बनेगा औद्योगिक हब, दो दिन भोपाल में इंडस्ट्री लीडर्स का 'महामंच'

**जीआईएस एमपी में निवेश की अनंत संभावनाओं पर रहेगा फोकस**

दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और प्रदेश के औद्योगिक निवेश संभावनाओं पर परस्पर चर्चा करेंगे



### गृह मंत्री शाह करेंगे 25 फरवरी को जीआईएस का समापन

जीआईएस के दूसरे दिन 25 फरवरी को समापन में मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य के विकास के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद 'मप्र- अनंत संभावनाएं' नामक वीडियो की प्रस्तुति होगी, जिसमें राज्य की विशाल क्षमता और अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति सभा को संबोधित कर अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्य संबोधन होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करेंगे। समिट में शामिल होने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक, उद्योगपति भोपाल पहुंचे हैं। कई बड़े उद्योगपति एक दिन पहले ही भोपाल पहुंचे।कुछ उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेश व रियायतों को लेकर वन-टू-वन चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को शाम 5 बजे भोपाल पहुंचे। इसके तत्काल बाद राजकीय विमानतल से वे सीधे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री ने पार्टी के सांसदों, विधायकों जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। वहां से सीधे राजभवन पहुंचे।

### मोदी मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे

### राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाली 5 मिनट की फिल्म भी प्रदर्शित होगी

**निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे**

जीआईएस-2025 में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और वस्त्र, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यटन और खाद्य जैसे प्रमुख निवेश क्षेत्र विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे।



सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण

समिट में शामिल होने के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आ गए हैं। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी, गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी नादिर गोदरेज, रसना प्राइवेट लिमिटेड के समूह अध्यक्ष पिरुज खंबाटा, भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी बाबा एन कल्याणी, सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑफ ऑपरेशंस राहुल अवस्थी और एसीसी लिमिटेड के सीईओ नीरज अखौरी जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### बी टू बी और बी टू जी मीटिंग

जीआईएस-2025 के तहत बीट-2-बी (बिजनेस टू बिजनेस) और बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग के माध्यम से व्यवसायों के लिए विशेष नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म प्रदान किया जाएगा, जिससे निवेशक सीधे नीति निर्माताओं, नियामक निकायों और उद्योग के नेताओं से जुड़ सकते हैं। एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट, एमपी गवर्नमेंट और बिजनेस मीट और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे प्रमुख कार्यक्रम रणनीतिक व्यावसायिक नेटवर्किंग, नियामक चर्चा और उद्यमिता विकास की सुविधा प्रदान करेंगे।

# मानव संग्रहालय परिसर फुल प्रूफ थ्री लेयर सुरक्षा से कवर

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को जब भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां से लेकर राजभवन तक उनकी रूट पर पुलिस का काफी सख्त पहरा रहा। पुलिस वॉच टावर से पूरे रूट की निगरानी की जाती रही। सख्ती इतनी थी कि पीएम रूट पर स्थित घर और अपार्टमेंट की छत या खिड़कियों से रहवासियों के झांकने पर पूरी तरह पाबंदी रही। पूरे मानव संग्रहालय परिसर को थ्री लेयर सिक्टोरिटी से कवर कर दिया गया है। सोमवार को आयोजन स्थल पर पीएम के आगमन से आधा घंटा पहले इस परिसर को सील कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी को भी अंदर जाने और बाहर आने की अनुमति नहीं मिलेगी। पीएम राजभवन के वीआईपी सुइट से सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर रवाना होंगे। वे सुबह 10 बजे मानव संग्रहालय पहुंचेंगे और समिट का उद्घाटन करेंगे। पीएम के काफिले में बुलेटप्रूफ कार और जैमर लगी कारों का दस्ता रहेगा। प्रधानमंत्री के मानव संग्रहालय में आगमन और रवानगी के दौरान सड़कों पर ट्रैफिक रोका जाएगा। **200 सीसीटीवी से निगरानीः** आयोजन स्थल में प्रवेश के लिए जारी किए गए पास के आधार पर अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। परिसर की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए 200 सीसीटीवी लगाए गए हैं, जिनके लिए मानव संग्रहालय में एक अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसकी जिम्मेदारी डीसीपी स्तर के आईपीएस अफसर को सौंपी गई है।

## जीआईएस में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का 'जायका' महकेगा

समिट में एक विशेष फूड जोन भी रहेगा, इसमें इंदौरी तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' भी होगा

# विदेशी और भारतीय मेहमानों को परोसे जाएंगे मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन

### करीब 50 तरह के विशेष व्यंजन भी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में पहली बार होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में आने वाले मेहमानों के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड ने एक अनोखा मैन्यू तैयार किया है, जिससे विदेशी और भारतीय मेहमानों को मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे जा सकें।

जिसमें मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की पारंपरिक और लोकप्रिय डिशेस शामिल होंगी। सैकड़ों पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही करीब 50 तरह के विशेष व्यंजन भी परोसे जाएंगे। व्यंजनों में इंडियन, कॉन्टिनेंटल और चाइनीज जैसे इंटरनेशनल फूड भी रहेंगे। मेन्यू को विदेशी मेहमानों की पसंद के हिसाब से तैयार किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का जायका भी महकेगा। इंदौर के सर्राफा चौपाटी की रबड़ी, मालपुए, गराड़ू और पेटिस का स्वाद भी मिलेगा। इसके अलावा इस आयोजन में सैलाना के रायल हाउस की मोती के दाने की डिश व भोपाल के रायल किचन ऑफ नवाब का पनीर कोरमा भी परोसा जाएगा। समिट में एक विशेष फूड जोन भी तैयार किया गया है। इसमें इंदौर की सर्राफा चौपाटी की तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' तैयार किया जाएगा। इसमें इंदौर की सर्राफा चौपाटी में 60 से 65 साल से व्यंजनों की दुकान लगाने वाले कुछ आउटलेट के प्रतिनिधि अपने स्टाल लगा रहे हैं।



**मेहमानों को परोसे जाएंगे यह खास व्यंजन**

बुंदेलखंड के दाल-बाफले, रायल किचन आफ नवाब, भोपाल का पनीर कोरमा, इंदौर का सब्ज पुलाव, बफुरी (क्रिस्पी फ्राइड केक), घुइया (अरबी) की सब्जी, नर्मदापुरम की मावा बाटी, मुरैना की गजक, रायल हाउस ऑफ सैलाना के मोती के दाने, रबड़ी, मालपुआ, गुलाब जामुन, घेवर, फालूदा, कुल्फी, जामुन शॉट्स, मॉकटेल, कोल्ड कॉफी, गराडू व कोकोनट क्रश, मसाला डोसा और डोसे की अन्य वैरायटी, भुट्टे का किस, दही बड़ा, गराडू की चाट, सराफा की खोपरा पेटिस।

**प्लास्टिक फ्री जोन होगी जीआईएस**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) स्थल पूरी तरह से प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जा रहा है। यहां सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं होगा। मेहमानों के लिए पानी कांच की बोतल या फिर कागज के गिलास में उपलब्ध करवाया जाएगा। जगह-जगह पानी के केन (कैंपर) रखे जाएंगे। पानी पीने के लिए कागज के कप उपयोग में लाए जाएंगे।



भारत ने दवाएं ऑक्सीमीटर, दस्ताने आदि भेजे

# होंडुरास में तबाही मचाने वाले तूफान 'सारा' ने घरों के अलावा बुनियादी ढांचे कर दिए तबाह, भारत ने 26 टन राहत सामग्री भेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने होंडुरास को रविवार को 26 टन मानवीय सहायता भेजी। हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' ने मध्य अमेरिकी देश में काफी तबाही मचाई है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय साझेदार। भारत ने हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल सप्लाई और आपदा राहत सामग्री से युक्त यह खेप भारत से रवाना हो गई है, जिसमें सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट शामिल हैं।



भारत होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध

भारत और होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। होंडुरास जब कोविड संकट से जूझ रहा था, तब भारत सरकार ने होंडुरास को आवश्यक दवाइयां और पीपीई दान किए थे। इसी तरह, पहले भी कई चुनौतीपूर्ण समयों के दौरान भारत सरकार ने होंडुरास की मदद की है।

## चिकित्सा और राहत सामग्री भेजीः जायसवाल



भारत ने होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। यह सहायता हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर भेजी गई है। होंडुरास को मानवीय सहायता भेजने के बारे में विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और IV तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल है।

## साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त

तूफान की वजह से साफ पानी की तक पहुंच बेहद मुश्किल हो गई, वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई जिसके परिणामस्वरूप 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया और पानी से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ गया। इसके अलावा, शेल्टर, घरों के बुरे हालात और भीड़भाड़ के कारण तीव्र श्वसन रोगों सहित संक्रामक रोगों का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को भी काफी नुकसान पहुंचा है।इस समय होंडुरास को भारत की सहायता प्रभावित लोगों को जरूरी राहत प्रदान करेगी।



## बड़ी संख्या में विस्थापित हुए लोग

नवंबर 2024 में, होंडुरास के तट पर बना उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। इसने होंडुरास में घरों और कई सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए, हजारों लोगों की जिंदगी सीधे तौर पर तूफान से प्रभावित हुई।

## खबर संक्षेप

### काश पटेल को थार गिफ्ट करेंगे आनंद महिंद्रा!



**नई दिल्ली।** उद्योगपति आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर यूजर्स को उनकी मजाकिया टिप्पणियां पसंद आईं। दरअसल, हुआ यह कि एक एक्स यूजर ने उन्हें सुझाव दिया कि काश पटेल को भी थार एसयूवी गिफ्ट करनी चाहिए। इसे लेकर उन्होंने बड़ा ही मजेदार जवाब दिया। आनंद महिंद्रा ने एक्स पर काश पटेल की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, एफबीआई के नए निदेशक काश पटेल। ऐसा नहीं लगता कि आप इस आदमी से पंगा ले सकते हैं। ध्यान रहे।

### मस्क ने कहा काम के घंटे बताएं नहीं तो छुट्टी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी कर्मचारियों को यह बताने के लिए 48 घंटे का समय दिया है कि उन्होंने पिछले सप्ताह क्या काम किया। ट्रंप प्रशासन में कटौती पर कार्य कर रहे एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देशों के अनुरूप, सभी संघीय कर्मचारियों को जल्द ही एक ईमेल भेजा जाएगा। जिसमें उनसे यह समझाने का अनुरोध किया जाएगा कि पिछले सप्ताह उन्होंने क्या किया। मस्क ने अपने पोस्ट में कहा कि जवाब न देने को इस्तीफा माना जाएगा।

पांच नौकाएं भी जब्त कर लीं

# श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को कर लिया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका और भारत के रिश्ते अभी ठीक से पटरी पर भी नहीं लौटे कि पड़ोसी देश के अधिकारियों ने श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं हैं। इस मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में एक खास ऑपरेशन कर गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया, मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस साल की शुरुआत से अब तक श्रीलंकाई नौसेना की 131 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 20 ट्रॉलर जब्त किये हैं।

**इस साल 131 मछुआरों को अब तक गिरफ्तार किया है**

इस बार गिरफ्तार होने वाले 32 मछुआरे तमिलनाडु से हैं। मछुआरों की रिहाई की मांग के लिए प्रदेश के मछुआरों रविवार को मीटिंग की है और अपने साथियों की रिहाई की मांग की है।

### विवादित मुद्दा रहा मछुआरों की गिरफ्तारी

श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान के मुताबिक नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।

## यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर जल्द होगा खुलासा

# 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी थी, लेकिन संकेत कुछ और ही हैं: जयशंकर

*जयशंकर ने कहा कि अब अमेरिका से सुझाव मिल रहे हैं कि ऐसी गतिविधियां हैं जो दुर्भावनापूर्ण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह चिंताजनक है, और अगर इसमें कुछ है, तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की गई। अब इस विवाद पर पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने जोर देकर कहा है कि सच्चाई सामने आने वाली है। इससे पहले भारत सरकार भी कह चुकी है कि अगर विवाद है तो जांच होगी।

■ भारत से लेकर अमेरिका तक मची उथल


विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यूएसएआईडी को भारत में 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी गई थी, लेकिन अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां बुरी नीयत के तहत की गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुछ जानकारी साझा की है, वो चिंताजनक तो है।


ऐसा लगता है कि कुछ विशेष उद्देश्य के तहत ये सब किया गया है। सरकार इस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही पूरा सच और तथ्य सामने आएगा।

*अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के बाद मचा हंगामा*

*मामले की जांच में इससे जुड़े फैक्ट सामने आएंगे*

भारत सरकार कर रही है मामले की जांच





### ट्रंप ने अब तक क्या किया?

- *ट्रंप ने विदेशी व्यय पर रोक लगाई।*
- *बाद में मानवीय सहायता जारी रखने का आदेश दिया।*
- *यूएसएआईडी के हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा।*
- *दुनियाभर में मौजूद मिशनों से कर्मचारियों को बुलाया।*

### क्या और कैसे काम करती है यूएसएआईडी

*यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएआईडी जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएआईडी अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।*

विवरण साझा किया

#### सात परियोजनाओं के लिए दिया फंड

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में 2023-24 में वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। आर्थिक मामलों का विभाग द्विपक्षीय वित्तपोषण व्यवस्था के लिए नोडल विभाग है। इस वर्ष के दौरान, मतदाता मतदान को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

### ऐसे खड़ा हो गया विवाद

*इसी महीने देश में राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया था जब अरबपति उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने दावा किया था कि उसने 'मतदाता को प्रभावित करने' के लिए भारत को दिए जाने वाले 2.1 करोड़ डॉलर के अनुदान को रद्द कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बार-बार दावा किया कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाले पिछले प्रशासन के तहत यूएसएआईडी ने भारत को 'मतदाता को प्रभावित' करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का वित्त पोषण आवंटित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी 'चिंताजनक' है और सरकार इस पर गौर कर रही है। अब यह मामला इतना बड़ा इसलिए बन चुका है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार नहीं तीन बार यह दावा किया है कि भारत को अमेरिका से पैसे मिले हैं। यह अलग बात है कि एक दूसरी रिपोर्ट में दावा हुआ कि 21 मिलियन डॉलर वाली सहायता भारत नहीं बांग्लादेश के लिए थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि दोनों ही देशों को पैसे दिए गए थे। एक बार फिर उन्होंने तो कह दिया है कि भारत फायदा उठा रहा है।*

रूस के हमले से यूक्रेन में कोहराम

# तबाहीः युद्ध की तीसरी वर्षगांठ से पहले ही दाग दिए 267 ड्रोन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को सोमवार को तीन साल हो जाएंगे। 24 फरवरी 2022 को दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, तब से हमलों का दौर जारी है। इस बीच रूस ने यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा एकल ड्रोन हमला किया है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। रूस के हमले के बारे में यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, खार्किव, पोल्टावा, सुमी, कीव, चेर्निहाइव, मायकोलाइव और ओडेसा सहित यूक्रेन भर में कम से कम 13 क्षेत्रों में ड्रोन को रोका गया।

यूक्रेन के वायु सेना कमान के प्रवक्ता यूरी इग्नाट ने कहा कि एक ही समन्वित हमले में रिकॉर्ड 267 रूसी ड्रोन लॉन्च किए गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि लगभग 138 ड्रोन को रोका गया जबकि 119 बिना किसी नुकसान के जाम होने के बाद गायब हो गए, उन्होंने कहा कि रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें भी लॉन्च कीं।

इटली की पीएम ने साधा वामपंथियों पर निशाना

# मैं, ट्रंप एवं मोदी बात करते हैं तो वे लोकतंत्र को खतरा बताने लगते हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने वैश्विक स्तर पर रूढ़िवादियों के प्रति वामपंथियों के 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना करते की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्वयं उनके (मेलोनी) जैसे नेता आपस में सहयोग करते हैं तो वामपंथी इसे 'लोकतंत्र के लिए खतरा' बताते हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जब वामपंथी नेताओं के बीच इसी तरह का सहयोग होता है तो उसकी प्रशंसा की जाती है। मेलोनी ने रोम से 'वीडियो लिंक' के माध्यम से वाशिंगटन में 'कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' (सीपीएसी) को संबोधित करते हुए ट्रंप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप की जीत से वामपंथी घबराए हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (वामपंथियों की) चिड़चिड़ाहट भय में बदल गई है, रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।

### उदारवादी नेटवर्क बनाया गया था

उन्होंने कहा कि जब (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति) बिल क्लिंटन और (ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री) टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाया था तो उन्हें अनुभवी एवं प्रतिष्ठित राजनेता कहा गया। मेलोनी ने कहा कि आज जब ट्रंप, मेलोनी, (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर) माइली या शायद मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है।



### पाक में होली मनाने पर बवाल, विवि की किरकरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में होली मनाने पर छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करना विश्वविद्यालय को भारी पड़ गया। दरअसल, सिंध प्रांत के कराची शहर में एक प्रमुख निजी विश्वविद्यालय की अपने परिसर में हिंदू पर्व होली मनाने पर छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसे लेकर उसकी जमकर आलोचना हुई।

इजराइली रक्षा मंत्री का आदेश

# इजराइली सेना को पश्चिमी तट वाले शरणार्थी शिविर में रहना होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल की सेना अब अगले कुछ साल तक पश्चिमी तट वाले शहरी शरणार्थी शिविरों में रहेगी। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना को निर्देश दिए गए हैं कि वह अगले कुछ साल तक वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहे। उन्होंने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से 40 हजार फलस्तीनियों का विस्थापन हो गया है। अब वे खाली हो चुके हैं। काट्ज ने कहा कि सेना शिविर में लंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहे। यहां फलस्तीनियों को वापस नहीं आने देना है। वहीं सेना ने कहा कि वह पश्चिमी तट के इलाके में अपना अभियान तेज कर रही है। इसके अलावा जेनिन क्षेत्र में टैंक भेजे गए हैं। इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान पश्चिमी तट पर हिंसा में वृद्धि हुई है। पश्चिमी तट से होने वाले फलस्तीनी हमले भी बढ़े हैं।

झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बिताए 3 सप्ताह

अरबपति की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने सुनाई युगांडा जेल की आपबीती

# नहाने और शौचालय जाने की भी नहीं थी अनुमति, पिता 24000 करोड़ के मालिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय मूल के अरबपति बिजनेसमैन पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने आरोप लगाया है कि युगांडा की जेल में सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा ओसवाल अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में जेल में बंद थीं। अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बंद की गईं भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने अब राज खोला है कि सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा (26) पर अपने पिता पंकज ओसवाल के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या का पिछले साल झूठा आरोप लगाया गया था। मुकेश मेनारिया को बाद में तंजानिया में जीवित पाया गया।

### मानवाधिकारों का खूब हुआ उल्लंघन

वसुंधरा ने कहा कि मुझे पांच दिन के लिए हिरासत में लिया गया तथा दो और सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। मेरे मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया। उन्होंने मुझे नहाने तक की अनुमति नहीं दी और मुझे भोजन एवं पानी से वंचित रखा।

**जिसकी हत्या के मामले में जेल गईं वो तंजानिया में जिंदा मिला**

### 200 मिलियन डॉलर के घर में रहतीं हैं वसुंधरा

वसुंधरा अरबपति बिजनेसमैन पंकज और राधिका ओसवाल की बेटी हैं। पंकज ओसवाल ओसवाल ग्रुप ग्लोबल के मालिक हैं। वसुंधरा दुनिया के सबसे महंगे घरों में से एक विला वारी में रहती हैं, जिसकी कीमत 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह स्विटजरलैंड में माउंट ब्लैंक के सामने है। इस घर को मशहूर इंटीरियर डिजाइनर जेफ्री विल्क्स ने डिजाइन किया था। वसुंधरा ने स्विटजरलैंड के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से वित्त में ऑनर्स के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। साल 2020 में वसुंधरा ओसवाल पीआरओ इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुईं और संगठन की पहली महिला लीड बनीं। वह वर्तमान में पीआरओ इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा, वह गिनी में सबसे बड़ी बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में से एक, एक्सिस मिनरल्स की महानिदेशक भी हैं।

निर्वासन की कार्रवाई पर बोले ट्रंप

# हम दलदल सुखा रहे, यहां अब कट्टर वामपंथियों का कब्जा नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका में सत्ता बदलने के बाद से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चर्चा में बने हुए हैं। पहले एक महीने में उन्होंने 70 से अधिक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें कई फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा चुकी है। देश की संघीय अदालतें ट्रंप के फैसलों पर अस्थायी रोक भी लगा चुकी है। इन्हीं फैसलों में एक अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने का है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर करने के अपने फैसले पर ट्रंप का कहना है कि वे देश में दलदल को सुखाने का काम कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया

*ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया और कहा कि अब देश में कट्टर वामपंथी लोगों का नियंत्रण नहीं रहेगा। ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अवैध प्रवासियों को देश से निकालने का एलान किया था। इस फैसले के बाद भारत में भी 300 से अधिक लोगों को वापस भेजा जा चुका है। जिन लोगों को निकाला गया है, उन पर आरोप है कि वे बिना वैध कानूनी दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे हैं।*

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



पीएम मोदी के साथ सीएम डॉ. यादव ने छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा में बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शिलापूजन किया। मंच पर बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धमेंद्र शास्त्री, संत रामभद्राचार्य, राज्यपाल मंगुभाई पटेल व साध्वी ऋतंभरा मौजूद रहे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मंदिर में नाक रगड़कर बदमाशों ने मांगी माफी



**नीमच।** बीते दिनों नीमच जिले के सुप्रसिद्ध हरकियाखाल बालाजी मंदिर के ताले तोड़कर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों को न केवल उस मंदिर ले जाया गया जहां उन्होंने चोरी की, बल्कि नाक रगड़वाकर उनसे माफी भी मंगवाई गई। यही नहीं बरामद मुकुट-मुखौटे और आभूषण भी मंदिर के पुजारी को सौंप दिए गए।

### डंपर और मिनी ट्रैवलर की टक्कर, 5 की मौत



**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में लिंबडी-राजकोट हाईवे पर डंपर और मिनी ट्रैवलर के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा मोरवड गांव के पास पुल पर हुआ है। जहां तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही मिनी ट्रैवल्स को जोरदार टक्कर मार दी।

### एपल ने हटाए 1.35 लाख से ज्यादा एप्स



**नई दिल्ली।** एपल ने हाल ही में कई सारे एप्स को एप स्टोर से हटा दिया है। एपल ने उन एप्स को हटाया है, जिनके डेवलपर्स ने अपनी ट्रेडर जानकारी यानी पता, फोन नंबर और ईमेल एड्रेस शेयर नहीं किया था। नए ईयू नियमों के मुताबिक, सभी एप डेवलपर्स को अपनी ट्रेडर स्थिति को बताना जरूरी है। पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए ऐसा किया।

*पीएम ने भाषण की शुरुआत 'बुंदेलखंड़ी' से की-अपुन औरों खों मोरी तरफ से दोई हाथ जोड़कर राम-राम सों*

**बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का किया शिलान्यास**

# हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता है नेताओं का एक दलः मोदी

*पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं*

**किसी न किसी भेष में रहते हैं हिंदू आस्था से नफरत करने वाले**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में 'नेताओं का एक दल' धर्म का माखौल उड़ाता है। हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता रहता है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं।

**बुंदेलखंड के लिए उत्साह उमंग का दिनः डॉ. यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दिन बुंदेलखंड की धरती के लिए उत्साह और उमंग का दिन है। प्रधानमंत्री ने केन बेतवा नदी के माध्यम से पहले बुंदेलखंड को बहुत बड़ी सौगात दी, अब कैंसर अस्पताल के माध्यम से बुंदेलखंड को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रहे हैं।





**शास्त्री ने की मोदी की मां के नाम एक वार्ड के नाम की घोषणा**

- प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को 'छोटा भाई' कहा
- अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा
- हमने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी

**जब मोदी ने निकाली शास्त्री की मां के नाम की पर्ची**

मोदी ने बताया कि मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा क्या ये धीरेंद्र शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है, तो हनुमान दादा जी ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैंने पहली पर्ची निकाली, उनकी माता जी की पर्ची। जिसकी बात शास्त्री जी ने बता दी। शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री माता जी से कह रहे थे कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है।

**आस्था का केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनेगा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड में आने का सौभाग्य मिला है।

**संत महात्मा भी बनवाएं आयुष्मान कार्ड**

मोदी ने संत महात्माओं से कहा कि हालांकि आप बीमार नहीं होंगे फिर भी आप सबको भी आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिए।

**ऐसा होगा अस्पताल**

| | |
|---|---|
| 200 | करोड़ की लागत |
| 100 | बिस्तर |
| 10 | एकड़ क्षेत्र |
| 03 | साल में तैयार होगा |

**भारत निभा रहा अब विश्वमित्र की भूमिका : शास्त्री**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 60 दिन में दूसरी बार बुंदेलखंड के लिए प्यार बरसाने आए हैं। वे गाय, गंगा और गरीबों की बात करते हैं। संतों-महंतों, किसानों और जवानों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व मित्र की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अपने धाम में बन रहे अस्पताल को लेकर कहा कि अब तक अस्पतालों में मंदिर थे, अब मंदिर में अस्पताल होगा। इसको मेडिकल कॉलेज बनाने का हमारा विचार है।



स्टेट हैंगर पर सीएम ने पीएम मोदी का आत्मीय स्वागत किया।

*विद्यार्थियों के हित में फिर दिखाई संवेदनशीलता*

## पीएम ने अपना कार्यक्रम 15 मिनट आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री मोदी अब सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर आसानी से पहुंचने के लिए लिया। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के हित में लिए गए इस निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता हमें सदैव प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव संवेदनशील रहते हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा है।

**तमिलनाडु में हिंदी पर विरोध जारी**

## पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर हिंदी में साइन बोर्ड पर कालिख पोती




- रेलवे ने आरोपियों को ढूंढ निकाला, कहा- छोड़ेंगे नहीं
- रेलवे ने कुछ ही देर में सही कर दिया साइन बोर्ड

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आंच अब रेलवे स्टेशनों तक पहुंच गई है। पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर रविवार को हिंदी विरोधी प्रदर्शन हुआ। प्रो-तमिल प्रोटेस्टर्स ने रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड पर लिखे हिंदी शब्दों को काले रंग से पोत दिया। घटना के बाद, दक्षिण रेलवे के पलक्कड़ डिवीजन के अधिकारियों ने सफाई दी कि नाम को तुरंत री-स्टोर कर दिया गया।

**पांच जिलों में पारा 10 डिग्री तक**

## 14 फरवरी के बाद से रात में पड़ रही है 'गुलाबी सर्दी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन दिन से जारी सर्द हवाओं का असर रविवार रात और बढ़ने से 14 फरवरी के बाद रात का तापमान सबसे कम रहा है। दो दिन बाद हवाएं बदलने से तापमान में फिर से 2 से 4 डिग्री तक की वृद्धि होगी।

- दिन में धूप का असर बढ़ने से प्रदेशभर में औसतन एक डिग्री बढ़ा तापमान

रविवार को न्यूनतम पारा दशमलव 6 डिग्री और गिरकर 11.4 डिग्री पर आ गया, जिससे रात में गुलाबी सर्दी बरकरार रही। 14 फरवरी को रात का पारा 8.4 डिग्री रहा। इसके बाद रविवार को 11.4 डिग्री रहा है।

**जानलेवा रफ्तार : प्रदेश में तीन हादसों में 9 की गई जान**

## खंडवा में बोलेरो और ट्राले की टक्कर में पांच की मौत

**पुनासा-सनावद रोड पर भीषण सड़क हादसा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा जिले के पुनासा रोड पर शनिवार रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 10 बजे सुलगांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार ट्राले और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर हो गई।

**मैहर में हादसा : 3 लोगों की मौत**

इंदौर से प्रयागराज कुंभ जा रहे एक परिवार की कार मैहर में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में कटनी रेफर किया गया था। कटनी से जबलपुर ले जाते समय एक युवती ने भी दम तोड़ दिया।

**छतरपुर में श्रद्धालुओं की कार पलटी, एक की मौत, 10 घायल**

यहां बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ, जब कार में सवार 11 श्रद्धालु भोपाल की ओर लौट रहे थे।

**शशि थरूर ने कांग्रेस को दिखाए कड़े तेवर**

## नाराजगी की अटकलों के बीच थरूर बोले, अगर कांग्रेस को मेरी जरूरत नहीं तो मेरे पास विकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एल डी एफ सरकार की तारीफ करने और कांग्रेस से नाराजगी की अटकलों के बीच सांसद शशि थरूर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के लिए उपलब्ध हैं।

- ट्रंप और पीएम मोदी की तारीफ करना कांग्रेस को पसंद नहीं आया



**लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठना पड़ेगा**

तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद थरूर ने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस ने अपने आधार का विस्तार नहीं किया तो वह केरल में लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठेगी। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। थरूर ने अपने और कांग्रेस के बीच मतभेद की खबरों पर भी टिप्पणी करने से भी इनकार कर दिया।

**एक्स पर पोस्ट ने बढ़ाई थी हलचल**

इससे पहले शनिवार को शशि थरूर ने इंग्लिश कवि थॉमस ग्रे की कविता 'ओड ऑन ए डिस्टेंट प्रॉस्पेक्ट ऑफ ईटन कॉलेज' का एक उद्धरण एक्स पर साझा किया था। इसमें लिखा था कि जहां अज्ञानता आनंद है, वहां बुद्धिमान होना मूर्खता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया था, आज का विचार।

*रेलवे यात्रियों से करता है अपील : सफर खत्म होने के बाद कंबल, चादर, तकिए आदि को सीट पर ही छोड़ दें या कोच अटेंडेंट को सौंप दें*

## ट्रेन से तकिया-कंबल चुराना पड़ेगा भारी, लालच देगा बड़ा झटका, जुर्माने के साथ जाना होगा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेन से तकिया-कंबल चुराना भारी पड़ सकता है। चुराने वाले यात्रियों को जुर्माना लगेगा और इतना ही नहीं जेल भी हो सकती है।

यह खबर उन लोगों के लिए जो ट्रेन में सफर करने के दौरान ऐसा लालच करते हैं और एसी कोच में मिलने वाली सुविधा जैसे कंबल, चादर, बेडशीट और तकिए को चुराकर अपने साथ ले जाते हैं।

**2017-18 में ही वेस्टर्न रेलवे से चोरी**



| | |
|---|---|
| 1.95 लाख | तौलिए |
| 81,736 | बेडशीट |
| 5,038 | तकिए |
| 55,573 | तकिया कवर |

**हो सकती है कड़ी कानूनी कार्रवाई**

रेलवे की संपत्ति चोरी करना एक दंडनीय अपराध है। रेलवे प्रॉपर्टी एक्ट, 1966 के तहत यदि कोई यात्री रेलवे का सामान चोरी करते पकड़ा जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। कानून के मुताबिक पहली बार पकड़े जाने पर एक साल की जेल या 1000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि यात्री दोबारा चोरी करते हुए पकड़ा जाता है या मामला गंभीर होता है, तो 5 साल तक की जेल और भारी जुर्माना भी लग सकता है।

**भारतीय रेलवे का बड़ा फैसला**

महाकुंभ के आखिरी दिनों के लिए रेलवे ने कमर कसी, जरुरत पड़ने पर एक दिन में 15 स्पेशल ट्रेन दौड़ेंगी। यात्रा को सुविधाजनक और सुखद बनाने के लिए रेलवे की इन व्यवस्थाओं का सही ढंग से इस्तेमाल करें और किसी भी तरह की चोरी से बचें, वरना मामूली लालच के कारण जेल की हवा खानी पड़ सकती है!




# महाकुंभ में दो दिनों में बनेंगे तीन विश्व रिकॉर्ड
## अपने ही पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगा मेला प्रशासन



*महाकुंभ नगर में सोमवार और मंगलवार को तीन नए विश्व कीर्तिमान बनेंगे। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित अन्य तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों की मौजूदगी में कीर्तिमान बनाए जाएंगे।प्रयागराज। मेला प्रशासन ने महाकुंभ में चार नए विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई है। जिनमें से एक नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। खास बात यह है कि मेला प्रशासन कुंभ-2019 में बनाए हुए अपने ही तीनों रिकॉर्ड को तोड़ेगा। बता दें कि मेले में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।*

### 15 हजार लोग एक साथ झाड़ू लगाएंगे

सोमवार को 15 हजार सफाई कर्मचारी एक साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। इसके लिए अरैल में हेलीपैड मार्ग, परेड में लाल सड़क, झूंसी की तरफ अखाड़ा मार्ग आदि स्थानों को चुना गया है। इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। इससे पहले मेला प्रशासन की ओर से ही कुंभ-2019 में 10 हजार सफाईकर्मियों के साथ स्वच्छता का रिकॉर्ड बनाया गया था।

### मंगलवार को बनेंगे ये दो विश्व रिकॉर्ड

मंगलवार 25 फरवरी को दो विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। पहले में 10 हजार लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाएंगे। इसके लिए गंगा पंडाल व अन्य प्रमुख स्थलों पर कैनवास रखे जाएंगे। मेला प्रशासन ने कुंभ-2019 में 7,500 लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके साथ ही एक साथ 550 से अधिक शटल बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। कुंभ-2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया गया था।

### वीकेंड पर कई किलोमीटर तक लगा जाम

मेला खत्म होने से पहले का आखिरी वीकेंड है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं को भीषण जाम का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ में 25 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हजारों वाहन सड़कों पर रेंग रहे हैं।





### महाकुंभ में 60 करोड़ ने किया स्नान

महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। स्नानार्थियों की संख्या 60 करोड़ पार पहुंच गई है। दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है। संगम पर शनिवार को शाम आठ बजे तक 1.43 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। वहीं रविवार को भी आस्था का सैलाब उमड़ा और देर रात तक 1.13 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे।

**दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने लगाई डुबकी** : महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 60 करोड़ पार हो गई है। इसी के साथ पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है।

---

### रचा गया इतिहास, विधानसभा सत्र आज से
# नई सीएम रेखा के सामने विपक्ष की नेता होंगी आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




दिल्ली विधानसभा के इतिहास में यह पहला मौका होने जा रहा है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष में शीर्ष पदों पर दो महिलाएं विराजमान होंगी। भाजपा ने पहली बार विधानसभा में पहुंची रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया है, वहीं आप ने भी पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ आप नेता आतिशी को नेता प्रतिपक्ष चुना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वे नेता प्रतिपक्ष थे। दिल्ली विधानसभा का सत्र आज 24 फरवरी से शुरू होगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट पेश की जाना जो इस चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा रही।

### कैग रिपोर्ट होगी पेश, आप की मुश्किलें बढ़ना तय

भाजपा और आप के बीच कैग रिपोर्ट बड़ा मुद्दा रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों में कई बार कहा था कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर विधानसभा के पहले सत्र में कैग की सभी रिपोर्ट्स पेश की जाएंगी। रिपोर्ट सामने आने से आप की परेशानियां बढ़ना तय है।

### ट्रंप की एक और धमकी
# दवा टैरिफ से बचना है तो अमेरिका में लगाएं मैन्युफैक्चरिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर धमकी भरा संदेश दिया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉर्मा कंपनियों से कहा है कि वे दवा इम्पोर्ट करने पर टैरिफ से बचना चाहते हैं तो अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट अमेरिका में ट्रांसफर कर दें। उनके इस बयान ने अमेरिकी और भारतीय दोनों फॉर्मा कंपनियों के लिए समस्या पैदा कर दी है। फार्मा कंपनियां इससे बचने के लिए बीच का रास्ता तलाश रही हैं। अमेरिकी उद्योग के लीडर्स दवा की कीमत तय करने वाले नियमों को आसान बनाने के लिए सपोर्ट मांग रहे हैं। वहीं भारतीय दवा कंपनियां अपने निर्यात पर भारी शुल्क से बचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं पर भरोसा कर रही हैं।

### ट्रंप अड़े हुए हैं अपनी बात पर



दवा कंपनियों के साथ हुई बैठक के बावजूद ट्रंप अपनी बात पर अड़े हुए हैं। उन्होंने इसमें किसी भी तरह के बदलाव करने से इनकार कर दिया है। इसके बजाय, उन्होंने इस चिंता को फिर से दोहराया कि अमेरिकी अन्य देशों की तुलना में दवाओं के लिए अधिक भुगतान कर रहे हैं। अब इस खबर से फॉर्मा शेयरों में और दबाव बढ़ सकता है।

**ट्रंप से अमेरिकी कंपनियों ने की थी अपील** : व्हाइट हाउस की एक बैठक के दौरान, ट्रंप ने फाइजर, एली लिली और मर्क के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। ये लोग ट्रंप को उस कानून को वापस लेने के लिए मनाना चाहते थे, जो सरकार को दवा की कीमतों पर बातचीत करने की अनुमति देता है।

### यूएसएड मामले की जांच की जा रही: जयशंकर




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को उन आरोपों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें कहा गया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से 21 मिलियन अमरीकी डॉलर दिए थे। एस. जयशंकर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के लोगों ने कुछ जानकारी दी है। यह चिंताजनक है।

### भारत करता है सबसे ज्यादा आपूर्ति

ट्रंप की टैरिफ चेतावनी ने भारत के फॉर्मा इंडस्ट्री के लिए टेंशन पैदा कर दी है। यह अमेरिका की लगभग आधी जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2024 में यूएस को भारतीय दवा निर्यात 8.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारत दवा सप्लाई करने में दुनिया में एक महत्वपूर्ण देश बन गया। अब ट्रंप के टैरिफ टेंशन या मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की बात ने भारतीय कंपनियों के लिए एक चुनौती पैदा कर दी है।

### बैंकाक से लाए थे बैग में भरकर
# सांप, छिपकलियों व कीड़ों मकड़ियों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कस्टम विभाग ने दुर्लभ प्रजाति के जीवों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। तीन भारतीय नागरिकों के पास से दुर्लभ विदेशी जीव बरामद किए गए हैं।दरअसल, कस्टम विभाग को जानकारी मिली थी कि 22 और 23 फरवरी रात बैंकॉक से दिल्ली आने वाली फ्लाइट AI 303 में तीन शख्स दुर्लभ प्रजाति के जीवों को तस्करी कर भारत ला रहे है। इसके बाद कस्टम विभाग ने इस तीनों पैसेंजर्स के बैग की तलाशी ली तो अधिकारियों की आंखें खुली की खुली रह गईं। एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स की बैग की तलाशी में कस्टम विभाग को दुर्लभ और विलुप्त होती प्रजाति के कई जीव मिले। जब्त किए गए जीवों में कई दुर्लभ प्रजाति के जीव भी शामिल हैं। सांपः कॉर्न स्नेक 5, मिल्क स्नेक 8, बॉल पाइथन 9, छिपकलियांः बीयर्डेड ड्रैगन 4, क्रेस्टेड गेको 7, कैमरून ड्वार्फ गेको 11, अन्य गेको 1, अन्य जीवः मिलिपीड 14, मकड़ी।

### दुर्लभ जीवों को अवैध रूप से भारत लाने की कोशिश

इससे पहले भी कई बार इस तरह के दुर्लभ जीवों को भारत में अवैध रूप से लाने की कोशिश की गई है। इस बार कस्टम विभाग की सतर्कता के चलते इन वन्यजीवों को बचा लिया गया और यात्रियों को भी हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल कस्टम विभाग ने जब्त किए गए दुर्लभ प्रजाति के जीवों को वन्यजीव और पर्यावरण प्राधिकरण को सौंप दिया है।

# चैपल ने अपने पत्रकारिता करियर को अलविदा कहा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने रविवार को अपना आखिरी कॉलम लिखकर अपने पांच दशक से अधिक समय तक चले पत्रकारिता करियर को अलविदा कह दिया। इस 81 वर्षीय क्रिकेटर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के लिए अपने आखिरी कॉलम में उन कुछ बेहतरीन पलों को याद किया जिन पर उन्होंने अपनी कलम चलाई। इनमें 1998 के चेन्नई टेस्ट में सचिन तेंदुलकर और स्पिन के जादूगर दिवंगत शेन वार्न के बीच शानदार मुकाबला और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की ऐतिहासिक पारी भी शामिल है। चैपल ने लिखा, ''लिखते हुए आनंद के कई पल आए, विशेष रूप से सचिन तेंदुलकर का चेन्नई में शेन वार्न से मुकाबला करना। अन्य मुख्य आकर्षणों में ब्रायन लारा की प्रतिभा, रिकी पोंटिंग की आक्रामकता और कोलकाता में वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की कलात्मक पारी के बारे में लिखना शामिल है।' चैपल ने हालांकि महसूस किया कि अब कलम को नीचे रखने और कंप्यूटर को पैक करने का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता से संन्यास लेना उतना ही भावनात्मक है जितना कि क्रिकेट को अलविदा कहना।

# कोहली और रोहित खुद तय करें अपना भविष्य



**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए।'



# मीरा ने जीता दुबई ओपन का खिताब

**दुबई।** रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टौसन को 7-6 (1), 6-1 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

# कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव

एजेंसी ▶▶| दोहा




आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-1 से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, 'मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।' रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।

**हरिभूमि** की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5788



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5787 का हल



## सूडोकु नवताल- 5798

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENAHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5797 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# महामुकाबले के लिए लगा सितारों का जमावड़ा अभिनेताओं और क्रिकेटरों ने जमाया दुबई में डेरा

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में क्रिकेट की दुनिया का सबसे चर्चित मुकाबला खेला जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के इस मैच पर पूरी दुनिया की नजरें लगी हुई हैं और इसी कारण कई दिग्गज हस्तियां इस मैच को देखने पहुंची हैं। दुनिया भर में इस मुकाबले की धूम है और कोई भी इस मैच को छोड़ना नहीं चाहता। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बॉलीवुड हस्तियों से लेकर युवा क्रिकेटर तक इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नजर आए।







### हस्तियों का लगा जमावड़ा

इस मैच में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अपने पति आनंद आहूजा के साथ नजर आईं। साउथ की मशहूर फिल्म पुष्पा के डायरेक्टर सुकुमार अपनी पत्नी के साथ इस मैच का लुत्फ लेने पहुंचे। उनके बच्चे भी इस मैच के लिए दुबई आए हैं। साउथ के ही मेगा स्टार चिरंजीवी भी भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ लेते हुए नजर आए।

### जूनियरों ने उठाया लुत्फ

जसप्रीत बुमराह भी इस मैच के लिए दुबई पहुंचे हैं। उनके अलावा टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, ओपनर अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा भी स्टेडियम में मैच का लुत्फ लेते दिखे। वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी भी इस मैच के लिए अपनी बेटी के साथ स्टेडियम पहुंची हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी स्टेडियम में मौजूद हैं।

### बुमराह आईसीसी पुरस्कारों से सम्मानित

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए 'टीम कैप (टोपी)' भी सौंपी गई।



### 8 साल से नहीं हारा भारत

भारत वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ आठ साल से नहीं हारा है। उसे पिछली बार 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शिकस्त मिली थी। उसके बाद भारत ने एशिया कप 2018 में पाकिस्तान को दो बार, विश्व कप 2019 में एक बार, एशिया कप 2023 में एक बार हराया और 2023 वनडे विश्व कप में एक बार हराया है। एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच पिछले 13 वनडे मुकाबलों की अगर बात करें तो भारत को नौ में जीत मिली है। पाकिस्तान ने तीन मैचों को अपने नाम किया है और एक बेनतीजा रहा।

### पहले ओवर में शमी ने फेंकी 11 गेंदें



भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी की शुरुआत की, लेकिन उन्होंने पहले ही ओवर में 11 गेंदें फेंकी। शमी पहले ओवर में लय में नहीं दिखे और इस महामुकाबले का दबाव उन पर नजर आया। शमी ने अपने पहले ओवर में कुल पांच गेंद वाइड डाली जिस कारण उनका ओवर काफी लंबा रहा। शमी के पहले ओवर से पाकिस्तान ने छह रन जुटाए जिसमें से पांच रन अतिरिक्त रहे। इसके अलावा एक रन इमाम ने भाग कर लिया।

### टॉस हारने में भारतीय टीम सबसे अव्वल

पाकिस्तान के खिलाफ टॉस गंवाने के साथ ही भारतीय टीम ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। भारत ने 2023 क्रिकेट के फाइनल से लेकर अब तक लगातार 12 बार टॉस गंवाए हैं, जो वनडे इंटरनेशनल में किसी टीम का सबसे लंबा क्रम है। भारतीय टीम ने नीदरलैंड्स को पछाड़ दिया है। नीदरलैंड्स ने मार्च 2011 और अगस्त 2013 के बीच 11 बार टॉस गंवाए। भारत ने आखिरी बार वनडे में टॉस न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में जीता था।

### फैंस हुए रोमांचित













## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

**रावलपिंडी।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में सोमवार को यहां हार से शुरुआत करने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा।

### जीत दर्ज करने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। भारतीय उप कप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं।



# 13 वर्षीय रौश चेस में उभरता सितारा अब तक जीते 10 अंतरराष्ट्रीय पदक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है दिल्ली के रोहिणी निवासी 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी रौश जैन की। महज तीन साल की उम्र में जब उनकी माता शिल्पा जैन ने उनके शतरंज के प्रति झुकाव को पहचाना तो उन्होंने रोश को 'ब्रेन गेम शतरंज अकादमी' में चंदन मंडल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर दिया।

आज रौश ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रोश 8वीं कक्षा का छात्र है। पढ़ाई के साथ साथ वह अभ्यास में 6 से 7 घंटे देते है। उनकी मेहनत और लगन से उनके आस पड़ोस के लोग भी काफी प्रभावित है।

वर्तमान में यह खिलाड़ी शतरंज कोच सावित्री जोशी और करुण दुग्गल के नेतृत्व में अपने खेल को आगे बढ़ा रहा है।




### विश्व चैंपियन बनने का लक्ष्य

रौश जैन का सपना विश्व शतरंज चैंपियन बनने का है। वे मैग्नस कार्लसन और गुकेश डी से प्रेरित हैं और उनका अगला लक्ष्य 'इंटरनेशनल मास्टर' खिताब हासिल करना है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर मेहनत से यह तय है कि आने वाले वर्षों में वे भारतीय शतरंज में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### जैन की उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-15) 13 वर्ष की उम्र में पेड्डापुरम, आंध्र प्रदेश में खिताब जीता (जनवरी 2025), एसजीएफआई दिल्ली राज्य चैंपियन (अंडर-17) 68वें एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेलों में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक जीते (नवंबर 2024), राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-7) 2018 में भुवनेश्वर में खिताब अपने नाम किया। कामनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2018 (अंडर-8) में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन यूथ एंड जूनियर चेस चैंपियनशिप 2019 (अंडर-8) ब्लिट्ज़ में स्वर्ण, रैपिड और क्लासिकल में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन आनलाइन यूथ शतरंज चैंपियनशिप 2021 (अंडर-10) में स्वर्ण पदक। एशियाई राष्ट्र कप आनलाइन टीम शतरंज चैंपियनशिप 2022 में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा 'फिडे मास्टर' (एफएम) की उपाधि (2022) हासिल की है। इनके अलावा कई ऐसे भी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त की है जो लोकल स्तर पर खेले जा रहे है।

# भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

थाईलैंड में शनिवार को आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने अपना परचम लहराया। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किया। भारत का नाम रोशन करने वाले इन तीरंदाजों में दो झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले के रहने वाले हैं। जिनमें टाटा आर्चरी एकेडमी के गोल्डी मिश्रा और कर्ण आर्चरी एकेडमी के विष्णु चौधरी शामिल हैं। विष्णु ने टूर्नामेंट में कुल तीन तो वहीं गोल्डी ने एक मेडल जीता है। वहीं, बंगाल की रहने वाली बसंती महतो ने ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।



गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं विष्णु चौधरी ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में राहुल को 6-2 के स्कोर से हराया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की बसंती महतो ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे की फोंग यू झू को 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## नई दिल्ली मैराथन : मान सिंह और भागीरथी बिष्ट बने चैंपियन

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मान सिंह और भागीरथी बिष्ट ने रविवार को यहां 'अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन' दौड़ में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एशियाई मैराथन चैंपियनशिप (2024) के विजेता 35 साल के मान सिंह ने पुरुषों की एलीट श्रेणी के कड़े मुकाबले को दो घंटे 15 मिनट और 24 सेकंड का प्रभावशाली समय के साथ अपने नाम किया। उत्तराखंड की ही भागीरथी ने दो घंटे 48 मिनट और 59 सेकंड के समय के साथ एलीट महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। ठाकोर भरतजी (2:49:16) और अश्विनी जाधव (2:50:48) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। मैराथन दौड़ में धावकों को 42.195 किमी की दूरी तय करनी होती है। राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। आयोजकों ने दावा किया कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 25,000 से अधिक धावक और फिटनेस उत्साही शामिल हुए।




**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 459 / खनिज / 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है मेसर्स शर्मा ओर्स एण्ड माईन्स प्रा.लि. पता- शॉप नं. 03, बंगाली क्लब मार्केट, करमचंद चौक, जिला जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07/02/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है, तथा आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है । उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in. पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | सिहोरा | किवलारी | 178, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189 | 8.30 | निजी भूमि | लेटराईट | |
| | | | कुल रकबा | 8.30 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

उप संचालक
खनिज प्रशासन
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-23424/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
**M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation**
**CIN : U13100MH2010PTC263990**
**Liquidator's Office :** 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following movable and immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited** Under Liquidation ('Corporate Debtor'), through e-auction on "as is whereis basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis". Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider M/s Linkstar Infosys Private Limited (website: **https://www.eauctions.co.in).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider **M/s Linkstar Infosys Private Limited, Mobile No. : +91 9870099713.**

Amount in Rs.

| Lot | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| Lot - 1 | Industrial Land & Building Standing on - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India along with the Plant And Machinery therein. | 26th March 2025. 11.30 A.M. to 1.00 P.M | 1,84,16,342 | 18,41,634 | 50,000 |
| Lot - 2 | Industrial Land & Building Standing on - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 26th March 2025. 2.00 P.M. to 3.00 P.M | 1,71,12,642 | 17,11,264 | 50,000 |
| Lot - 3 | Plant and Machinery located at - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 26th March 2025. 2.00 P.M. to 3.00 P.M | 13,03,700 | 1,30,370 | 10,000 |

**Important Note: Auction of assets under Lot – 2 and Lot – 3 will be held only if no bid received for Lot – 1 on the Auction Date.**
**Date of Inspection: 6th March 2025 (from 11.00 A.M to 5.00 P.M) with prior intimation to the liquidator.**
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider M/s Linkstar Infosys Private Limited https://www.eauctions.co.in
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. Mr. Vijay Pipaliya is a contact person on behalf of E-Auction Agency (Linkstar) **admin@eauctions.co.in, Mobile No.: +91 9870099713.** The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https//www.eauctions.co.in**
4. EMD (Earnest Money Deposit) shall be deposited through NEFT/RTGS/Direct bank transfer to Account no. 50526421486, Name of the beneficiary: **M.S. Mining and Consultancy Pvt Ltd** Under Liquidation, with Indian Bank, Gandhibagh Branch, Nagpur. IFSC **Code: IDIB000G521.** Last date of EMD Payment and Bid form along with KYC documents is **21st March 2025 till 5.00 P.M.**
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. Auto extension facility will be provided to bidders for 5 minutes i.e. if any highest bid is received during last 5 minutes of online auction then auction timings will be automatically extended for the next 5 minutes.
8. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

Date: 24/02/2025
Place: Nagpur

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513


### प्रो-लीग में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला आज

# जीत के क्रम को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

टूर्नामेंट में औसत शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4-1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नए सत्र में आशातीत शुरुआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3-1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2-0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4-1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढ़ा होगा।



### महिला टीम के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के खिलाफ मेजबान टीम जीत के करीब थी लेकिन उसे लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# नई आबकारी नीति से ठेकेदारों का मोह भंग

- नहीं आए नवीनीकरण आवेदन, लाटरी में भी बेरुखी
- अब लगेगी शराब की ऑनलाईन बोली

नई आबकारी नीति ने छोटे शराब ठेकेदारों की कमर तोड़ दी है. लिहाजा दुकानों के नवीनीकरण की अंतिम तारीख निकल जाने के बाद भी एक भी ठेकेदार ने आवेदन नहीं किया. बताया गया है कि 21 फरवरी आवेदन करने की आखरी तारीख है. आज से लाटरी के द्वारा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

हरिभूमि जबलपुर।

अभी तक लाटरी की प्रक्रिया में भी कोई ठेकेदार शामिल नहीं हुआ है. लाटरी प्रक्रिया के निष्पादन के बाद चार मार्च से आनलाईन बोली शुरु होगी. दरअसल सरकार की नई आबकारी नीति में शराब दुकानों का शुल्क 20 प्रतिशत बढ़ाए जाने और ठेकेदारों का मार्जिन 35 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत किये जाने की वजह से,



एकल समूह में 2 से 5 दुकानों का ठेका लेने वाले छोटे ठेकेदार सामने नहीं आ रहे हैं।

शराब कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सरकार की नई आबकारी नीति ठेकेदारों को रास नहीं आ रही है. अब सरकार की ओर से की आनलाईन बोली की प्रक्रिया की जाएगी. जिसमें जिले स्तर पर शराब के ठेके नीलाम होंगे. लेकिन अब प्रदेश में जिला स्तर पर ठेका लेने वाले बड़े ठेकेदार बहुत कम ही शराब व्यवसाय में दिलचस्पी रख रहे हैं. लिहाजा आनलाईन बोली में भी कई जिले ठेके पर जाने से वंचित रह सकते है. आखरी आपशन यही बचेगा की आबकारी विभाग खुद 1 अप्रैल से अपने हैंडओव्हर दुकाने करेगी. सूत्रों का कहना है कि सरकार ने जो रेट तय किये हैं, उस रेट पर भी ठेके जाना संभव नहीं है. उपर जाने की बात तो दूर की है, लिहाजा सरकारी बोली से नीचे ही रेट जाने की संभावना है. अब देखना यह है कि 1 अप्रैल के बाद सरकार अबकारी नीति में बदलाव करती है या जिले के जिले ठेके पर देने की तैयारी करेगी. यहां बता दें की दिग्विजय सिंह शासन काल में प्रदेश में जिला स्तर पर ठेकों की बोली लगती थी. बाद में उमा भारती सरकार में आबकारी नीति में बदलाव किया गया और एक एक दुकान नीलाम होने लगीं. बाद में कुछ दुकानों के समूह बनाकर, दुकानों का नवीनीकरण कराया जाने लगा. हर साल 10 से 15 प्रतिशत की राशी बढ़ाकर पुराने ठेकेदारों के ही नाम ही दुकानें नवीनीकृत कर दी जाती थीं. लेकिन इस साल ऐसा नहीं दिख रहा है. सरकार ने नई आबकारी नीति के तहत के 20 प्रतिशत राशी बढ़ाकर ठेकेदारों का मार्जिन कम कर दिया। इस कारण ठेकेदारों का नई आबकारी नीति से मोहभंग हो गया है।

जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने केन्ट शासन व अन्य से मांगा जवाब

# पैथालॉजी में केमिकल का मानक निर्धारित नहीं होने को दी चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने पैथालाजी केंद्रों में अमानक कैमिकल प्रयुक्त किए जाने के आरोप संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुये केन्द्र शासन व अन्य को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है. जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने खुद पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि यह मामला वर्ष-2015 से लंबित है। इसके जरिए व्यापक जनहित प्रभावित हो रहा है। दरअसल, पैथालाजी में विभिन्न परीक्षणों के लिए कैमिकल का उपयोग किया जाता है। परीक्षणों की शुद्धता के लिए यह अनिवार्य है कि कैमिकल उच्च यानि मानक गुणवत्ता के हों। इनके अभाव में परीक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता कठघरे में चली जाती है। 2009 में इस सिलसिले में गठित आयोग को मानक तय करने थे। लेकिन इतने वर्ष गुजरने के बावजूद मानक निर्धारण नदारद है। नतीजतन पैथालाजी केंद्रों में अमानक कैमिकल से जांच किए जाने पर अपेक्षाकृत विरोधाभासी रिपोर्ट सामने आ जाती हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है।



### एनएबीएल से सम्बद्धता भी नाममात्र ने ली

अधिवक्ता गुप्ता ने अवगत कराया कि पैथालाजी केंद्रों को एनएबीएल से सम्बद्धता लेनी होती है। लेकिन आलम यह है कि मप्र में 2017 की स्थिति में सात करोड़ के बीच मात्र 17 पैथालाजी एनएबीएल से सम्बद्ध थीं। कालांतर में यह संख्या 17 से बढ़कर सिर्फ 49 हुई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी कितनी बड़ी संख्या में असम्बद्ध पैथालाजी केंद्र संचालित हैं। लिहाजा, एनएबीएल से उठाए गए कदमों की जानकारी तलब की जानी चाहिए।

### सीधी भर्ती का नियम प्रमोशन में क्यों लागू किया

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आशीष श्रोती की एकलपीठ ने एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति के मामले में डायरेकटर मेडिकल एजुकेशन और बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कालेज, शहडोल को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। मामला सीधी भर्ती का नियम प्रमोशन पर लागू किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। याचिकाकर्ता शहडोल निवासी डा. देबरंजन दत्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। उक्त कालेज की ओर से आठ फरवरी, 2025 को एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर भर्ती के लिए इन-हाउस विज्ञापन जारी किया गया। कालेज प्रशासन ने नेशनल मेडिकल कमीशन टीचर एलिजिबिलिटी क्वालिफिकेशन रूल के एक प्रविधान का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता को अपात्र घोषित कर दिया। उक्त नियम सीधी भर्ती पर लागू होता है, जबकि याचिकाकर्ता का मामला प्रमोशन का है। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर जवाब-तलब कर लिया।

जबलपुर के 967 बूथों में सुनी गई मन की बात

## देश की महिलाओं के नाम समर्पित रहेगा 8 मार्च का दिनः प्रधानमंत्री

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 119वें संस्करण को जबलपुर के सभी 967 बूथों में सुना गया। भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा के सुभाषचंद्र बोस मंडल के सुभाष वार्ड के बूथ क्र 42 में कार्यकर्ताओ और क्षेत्रीय जनों के साथ मन की बात सुनी। भाजपा द्वारा महानगर के बूथों के आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के साथ मंडल प्रभारी महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, रोहित जैन, अंजु भार्गव, तृष्णा चटर्जी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कुंडल राव, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू, अकील अहमद के साथ बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षद आदि शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष पहल करते हुए 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (जैसे एक्स और इंस्टाग्राम) को देश की प्रेरणास्पद महिलाओं को एक दिन के लिए समर्पित करने की घोषणा की, ताकि वे अपने कार्य और अनुभवों को साझा कर सकें।

जिले के 62270 बच्चे देंगे परीक्षा

## कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक परीक्षा आज से

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशाअनुसार जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार 24 फरवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा के लिये 63 जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 310 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर उत्तरपुस्तिकायें पहुंचा दी गई है तथा प्रश्नपत्रों का जन शिक्षा केंद्रवार वितरण पूर्ण हो चुका है। परीक्षा दिवस को जन शिक्षा केंद्रों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि जिले की समस्त 2 हजार 470



शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत 62 हजार 270 बच्चे पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा देंगे। सत्र 2024-25 की यह 24 फरवरी से प्रारंभ होकर परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर जिला शिक्षा केंद्र द्वारा समस्त जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों को सतत मॉनिटरिंग करने निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक होंगे। इसी प्रकार कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च को होगा। आठवीं के प्रश्न पत्र भी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये।

भेड़ाघाट में हत्या कर रेत में दफन कर दी थी लाश

## जघन्यतम हत्या के तीन आरोपियों को उम्र कैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने भेड़ाघाट थाना क्षेत्रातंर्गत स्वर्गद्वारी में एक युवक की पत्थर पटक-कर हत्या कर लाश को रेत में दफन करने वाले तीनों आरोपित युवकों जबलपुर निवासी वीरेन्द्र उर्फ बाबू, पुरषोत्तम उर्फ भोला व शिवा उर्फ शिब्बू का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही सात-सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने दलील दी कि मृतक ऋषभ जैन 13 जून, 2029 की रात्रि



करीब नौ बजे मोटर साइकिल से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये घर से निकला था, जो कि देर रात तक वापस नहीं आया। जिसके दूसरे दिन 14 जून, 2019 को उसके स्वजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भेड़ाघाट थाने में दर्ज कराई थी। इसी दौरान स्वर्गद्वारी में रेत में ऋषभ की दफन लाश मिली थी। जांच दौरान पुलिस ने आरोपित वीरेन्द्र उर्फ बाबू पिता हरछट भूमिया (35), पुरषोत्तम उर्फ भोला पिता चतुर्भुज रजक (30) व शिवा उर्फ शिब्बू पिता राम सिंह (29) को अभिरक्षा में लिया था। जिन्होंने विवाद होने पर पत्थर से हमला कर ऋषभ की हत्या की थी। आरोपितों ने साक्ष्य छिपाने मृतक की मोटर साइकिल व मोबाईल झाडि़यों में फेंक दिया था और उसकी लाश को रेत में दफन कर दिया था। सुनवाई दौरान पेश किए गए साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने तीनों आरोपितों का दोष साबित पाकर सजा सुना दी।

### चैक बाउंस पर छह माह का कारावास

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नमिता बौरासी की अदालत ने चैक बाउंस के आरोपित कोतवाली, जबलपुर निवासी उमा हरीश सराफ के विरुद्ध दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ छह माह के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह लाख 54 हजार का जुर्माना भी लगा दिया। परिवादी हनुमानताल निवासी संजू साहू दिव्यांग की ओर से अधिवक्ता विनोद प्रजापति ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी व आरोपित के बीच भूमि विक्रय को लेकर बातचीत हुई थी। इसी सिलसिले में धोखाधड़ी करते हुए आरोपित रूपये लेती चली गई। लेकिन मूल कार्य नहीं हुआ। इस पर राशि की अदायगी के लिए निवेदन किया गया। काफी मिन्नतों के बाद आरोपित की ओर से जो चैक जारी किया गया, वह बैंक में जमा करने पर खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण अनादृत हो गया। लिहाजा, सूचना पत्र दिया गया। लेकिन आरोपित की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी गई। न तो और मोहलत मांगी गई और न ही नया चैक जारी करने या राशि नकद भुगतान करने जैसी कोई बात नहीं कही गई। इससे परिवादी समझ गया कि उसकी रकम डूबने के आसार है। लिहाजा, वह अदालत चला आया।

### हत्या के प्रयास पर सात वर्ष का कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित मंडी मदार टेकरी निवासी बग्घा उर्फ हुसैन अंसारी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 18 अक्टूबर, 2023 को रात्रि साढ़े 12 से डेढ़ बजे के बीच आरोपित सार्वजनिक स्थल पर तलवार घुमा रहा था। वह गाली-गलौच कर रहा था। उसे रईस खान पर हमला बोल दिया। इस वजह से रईस को गंभीर चोटें आईं। उसे सही समय पर इलाज के लिए ले जाया गया। ऐसा न किया जाता तो उसकी जान जा सकती थी। चूंकि आरोप गंभीर है, अतः सजा सुनाई जाए। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर सजा सुना दी।

## प्रदेश में न्यूक्लियर एनर्जी की सात यूनिट लगेंगी

**जबलपुर।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए मप्र में थर्मल एनजी के क्षेत्र बड़ी सौगात हैं। न्यूक्लियर 600 मेगावॉट क्षमता की 7 यूनिट लगेंगी। थर्मल एनर्जी की 600 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट लगेगी। न्यूक्लियर एनर्जी के प्लांट के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) द्वारा न्यूक्लियर के ग्रीनफील्ड के 2 पावर प्लांट लगेंगे। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन द्वारा कैपिटल वर्क लोन के जरिए 21 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट भी शामिल है।

जानकारी मिली है कि न्यूक्लियर और थर्मल एनर्जी की यूनिट के लिए अप्रूवल मिल चुका है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन द्वारा कैपिटल वर्क लोन के जरिए 26 हजार 800 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट की तैयारी की जा रही है। इसमें एनटीपीसी ग्रीन के 20 गीगावॉट के पावर जनरेशन पर होने वाले 1.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश भी शामिल है। दो औद्योगिक घराने पहले ही प्रदेश की ट्रांसमिशन में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा इंस्टूमेंट इन्वेस्टमेंट कर चुके हैं। इससे पहले पावर के क्षेत्र में सक्रिय दो बड़े औद्योगिक घराने अदाणी पावर और हैदराबाद के मेधा इंजीनियरिंग ग्रुप द्वारा प्रदेश में ट्रांसमिशन के क्षेत्र में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने के करार हो चुके हैं। इन दोनों औद्योगिक घरानों द्वारा प्रदेश में एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन के निर्माण किया जा रहे हैं।

## मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला 10 मार्च को

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के संयुक्त आयोजन में 10 एवं 11 मार्च को ₹संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला-2025₹ का आयोजन खेल परिसर जेएनकेव्हीवव्हीय में किया जा रहा है। संयुक्तल संचालक कृषि श्री कुमार नेताम ने बताया कि उक्तक मेला में लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार, विपणन, प्रसंस्करण, आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने और विक्रेता, क्रेता को सीधा संपर्क में लाने का प्रयास किया जायेगा। दो दिवसीय मेले में प्रतिदिन लगभग 5 हजार कृषक भाग लेने की संभावना है एवं शासकीय, अर्धशासकीय, निजी, एफ.पी.ओ., एन.जी. ओ., बीज समितियों के उत्पाद आदि के लगभग 300 स्टाल लगाये जायेंगे। संभाग के सभी जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्र, एक जिला एक उत्पाद, लघु धान्य फसलों के मूल्य संवर्धित उत्पाद, कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सभी कृषि संबंधित जैसे- उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक कंपनियों के स्टाल, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती के मॉडल, सभी बीज समितियां, एफ.पी.ओ., एग्री बिजनेस स्टार्टअप के स्टाल, एग्रो फारेस्ट्री एवं औषधि पौधों का प्रदर्शन एवं विक्रय के साथ कृषि संबंधी वैज्ञानिक परिचर्चा भी होगी। मेले में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंयने कहा कि मेले में मिलेट्स से निर्मित विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों के स्वाद का लुफ्त उठाने को मिलेगा।

### प्राथमिक शिक्षक घनश्याम ठाकुर किए गए निलंबित

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने विकासखंड शहपुरा शासकीय प्राथमिक शाला ब्रम्हकुंड के प्राथमिक शिक्षक घनश्याम ठाकुर को पाक्सो एक्ट विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार होने पर निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि उक्तव शिक्षक के विरुद्ध थाना बेलखेड़ा मे अपराध क्र 49/2025 दर्ज होने के कारण से म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत उन्हेंव गिरफ्तार होने के दिनांक 22 फरवरी से नियमानुसार निलंबित किया गया है।

### दुकान से 10 हजार रूपए नगदी उड़ाए

**जबलपुर।** लार्डगंज थानाान्तत दयानगर यादव कालोनी निवासी राहुल जैन कपड़े का कारोबारकरता है। कल सुबह 2 बजे उन्हें किसी ने फोन किया कि उनकी दुकान चंदन गारमेंटस में चोरी हो गई है उन्होंने जाकर देखा कि दुकान का शटर खुला था दुकान का सामान बिखरा पड़ा था वहीं द्राज में रखे 10 हजार रूपए भी गायब थे।

## मरीज को लेकर पहुंचे युवक ने डॉक्टर से की अभद्रता, मामला दर्ज

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक अस्पताल में एक युवक पचास वर्षीय महिला को इलाज के लिये लेकर पहुंचा, वहां इलाज के दौरान डॉक्टरों पर भड़क उठा, महिला चिकित्सक और स्टॉफ के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है. पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी प्रिंस यादव गत दिवस सुबह 7 बजे एक महिला को इलाज के लिये लेकर अस्पताल पहुंचा, उस समय ड्यूटी पर महिला चिकित्सक डॉक्टर वैशाली खन्ना मौजूद थी. साथ में नर्सिंग स्टॉफ अनुश्री और सुरक्षा गार्ड श्रृषि भी मौजूद था. आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में मरीज अंचू बाई के इलाज को लेकर आरोपी प्रिंस यादव कॉफी उत्तेजित हो गया और अपशब्दों का प्रयोग करने लगा. डॉक्टर्स ने उसे समझाया तो उसने जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने डॉक्टर वैशाली की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 221, 224, 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### घूमते मिला तड़ीपार

**जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने एक तड़ीपार को ग्राम महुआबारी और महगवां के बीच खुलेआम घूमते हुये गिरफ्तार किया. चरगवां पुलिस के मुताबिक ग्राम महुआबारी निवासी रकी उर्फ राकेश लोधी की अपराधिक प्रवृत्ति और उसपर लंबित अपराधों को दृष्टि गत रखते हुये जिला दंडाधिकारी ने 25 अक्टूबर 2024 जिला बदल का आदेश दिया था. पुलिस ने 6 माह के लिये तड़ीपार के आदेश को तामिल करा दिया था. उसके बाद आरोपी घूमते हुये गिरफ्तार किया गया. उसके पास से एक चाकू भी मिला है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट एंव 14 म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## सड़क दुर्घटना में चाचा की मौत, भतीजा घायल

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत नगना पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई. जबकी दूसरा घायल हो गया. ग्राम गौरिया थाना सूरखी जिला सागर निवासी 27 वर्षीय विशाल साहू मोटर सायकल क्रमांक एमपी 15 जेड जे 6016 से अपने बड़े पिता के पास बेलखाड़ू कटंगी रोड आया था.यहां से विशाल अपने भतीजे आदित्य को मोटर सायकल में लेकर पेट्रोल भराने नगना पेट्रोल पम्प गया था. पेट्रोल भरा कर लौटते समय पम्प के सामने किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. जिससे चाचा भतीजे घायल हो गये. घायलों को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया. जहां चाचा विशाल की मौत हो गई, भतीजा आदित्य इलाज के लिये भर्ती हो गया. पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नगदी जेवर ले गये चोर, घर - दुकान के ताले टूटे

**जबलपुर।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों ने अज्ञात चोरों ने एक सूने घर व दुकान का ताला तोडक़र नगदी व जेवर पार कर दिए। रांझी थानान्तर्गत जहां अज्ञात चोरों ने सूने घरका ताला तोडक़र नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिए। वहीं लार्डगंज थानान्तर्गत एक कपड़ा दुकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने दसहजार रूपए नगदी पार कर दिए।

### सूने घर से नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी



राझी थानान्तर्गत पुराना शोभा पुर पनेहरा पेट्रोल पम्प के समीप में रहने वाले रितेश यादव गत 20 फरवरी को रात लगभग 1 बजे अपने परिवार के साथ भतीजे की शादी में शमिल होने होटल विजन महल तिलहरी गये थे। घर में छोटा भाई सुरेश यादव था जो निचे के कमरें में सो रहा था रात लगभग में वापस घर लौटा तो उसने देखा कि छोटे भाई के कमरे में एक लडक़ा घुसा था जो रितेश को देखकर पीछे वाले दरवाजे से भाग गया। चोरी की आशंका पर रितेश ने कमरे में जाकर देखा कि अलमारी खुली थे वहीं अलमारी में रखे जेवर बाजबंद, चार अंगूठी, एक लम्बा मंगलसूत्र, दो जोडी झाले, मनचली दो रिग चांदी के पायल व नगदी रूपए गायब थे।

स्कूटी, बाईक की टक्कर से 5 घायल

## गोहलपुर, कटंगी में सड़क हादसे



**जबलपुर।** गोहलपुर व कटंगी थाना क्षेत्रों में कल अलग-अलग सडक़ हादसों में 5 लोग घायल हो गये। गोहलपुर थानान्तर्गत जहां एक तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने लापरवाही से चलाते हुये एक्सेस सवार चाची-भतीजी को टक्कर मार दी वहीं कटंगी थानान्तर्गत तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुये मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दी।

### स्कूटी की टव कर से दो घायल

गोहलपुर थानान्तर्गत कल दोपहर रियान स्कूल के पास तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने लापर वाही से चलाते हुये एक्सेस सवार प्रियंका शर्मा व उसकी भतीजी शैल सिद्धि शर्मा को टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी समेत गिरने से चाची भतीजी को चोटें आई है। आरोपी स्कूटी चालक पर मामला दर्ज कर तलाश जारी है।

### बाईक की टक्कर से घायल

कटंगी थानान्तर्गत सूरतलाई माढ़ों ताल निवासी रोशन यादव अपने साथी छोटेलाल बर्मन के साथ एक मोटर साइकिल में तथा दूसरी मोटर साइकिल में प्रमोद यादव, राहुल बर्मन तथा संगीता चौधरी मजदूरी की बात करने जा रहे थे दोपहर लगभग ढाई बजे जैसे ही सभी ग्राम खैरी रिलायंस कम्पनी के आगे पहुंचे तभी मोटर साइकिल चालक ने ओवरटेक करते हुए प्रमोद यादव की बाईक में टक्कर मारी दी। घटना में प्रमोद यादव राहुल बर्मन व संगीता चौधरी के गिरने से चोटे आई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

हरिभूमि
# जबलपुर भूमि



### पर्व के दौरान यातायात व कानून व्यवस्था को लेकर बना एक्शन प्लान

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के होंगे व्यापक प्रबंध

जबलपुर।



महाशिवरात्रि का महापर्व श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस अवसर पर शिव भक्तों तथा कांवाड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी एएसपी और सीएसपी अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो। शहर के विभिन्न हिस्सों में भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, जो भक्तों के बीच अपनी उपस्थिति बनाए रखेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवाड़ियों द्वारा जल चढ़ाने के लिए विभिन्न मंदिरों पर जाने का सिलसिला रहता है। इन मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है, खासकर उन प्रमुख मंदिरों में जहां हर साल भारी भीड़ जमा होती है। इनमें गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनार सिटी महादेव मंदिर, पाटबाबा, साकेत धाम महादेव मंदिर, गंजीपुरा मंदिर, पिसनहारी की मढ़िया, सर्वमंगला गौरी शंकर मंदिर, मिल्क स्कीम, भूतनाथ की टेकरी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जाने वाली शोभायात्रा-झंडा यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजन के लिए भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

#### बैठकों का दौर जारी

एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में शहर एवं देहात थानों के थाना प्रभारी आयोजकों के साथ बैठकें कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश साझा कर रहे हैं, ताकि हर आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

#### 4 जोना में बांटा गया शहर

पुलिस प्रशासन ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरों का भी सहारा लिया है। इसके अलावा, शहर को 4 प्रमुख जोन में बांटने की योजना बनाई जा रही है, साथ ही 5-6 सेक्टर बनाए जाएंगे। विशेष रूप से पांच बड़े मंदिरों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

#### यातायात का अलग प्लान

यातायात की दृष्टि से भी पुलिस ने अपने इंतजाम पुख्ता किए हैं। शोभायात्रा के दौरान मार्गों की विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि ट्रैफिक अवरुद्ध न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कई स्थानों पर रूट डायवर्ट करने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहे।

#### क्या बजेगा उसपर भी नजर

इसके अलावा, शोभायात्रा के दौरान धार्मिक गीतों का प्रसारण केवल उन गीतों का किया जाएगा जो सभी की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हों। किसी भी ऐसे गीत को बजाने से बचने की सलाह दी गई है, जो किसी की भावना को आहत कर सकते हैं।प्रसाद वितरण के लिये भी दिशा निर्देश या जाएगा कि वितरण स्थल पर किसी प्रकार की भीड़ न हो और आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इस प्रकार, महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की कड़ी तैयारी से यह पर्व शांति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# अब डीजे का शोर मचाया तो खैर नहीं

### हनुमानताल और बेलबाग पुलिस ने तीन लोगों पर की कार्यवाही



**जबलपुर।** बोर्ड परीक्षाओं और त्योहारों के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी द्वारा धारा 163 के तहत जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद पुलिस ने डीजे के शोर पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है. बारात व अन्य समारोह में वाहन में तेज आवाज में डीजे बजा रहे, तीन लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर तीन साउंड सिस्टम जप्त कर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने के साथ साथ कोलाहल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. हनुमानताल पुलिस ने एक आरोपी और बेलबाग पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है. हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि रात्री कालीन भम्रण के दौरान एक छोटा हाथी वाहन में 38 साउंड बाक्स का शोर हो रहा था, प्रेमसागर हनुमानताल निवासी अनुराग करिया यह वाहन चला रहा था. उसके पास डीजे बजाने की कोई सक्षम अनुमति नहीं थी. पुलिस ने एक ट्रक 1 छोटा हाथी, 1 एलपीटी वाहन, 38 साउंड बाक्स, 5 जनरेट, 4 मिक्सर, 7 स्टेपलाईजर, माउसपेड डायना टेक, सार्पी लाईट, लाईट मिक्सर आदि जप्त कर अनुराग के खिलाफ विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम तथा 223 बीएनएस के तहत कार्यवाही की है। इसी तरह बेलबाग पुलिस ने नाईट गश्त के दौराना पंजाब बैंक के सामने एक टाटा एस छोटा हाथी वाहन में डीजे बज रहा था, इस वाहन को बस्ती नम्बर दो गोहलपुर निवासी जितेन्द्र केवट चला रहा था. पुलिस ने डीजे सिस्टम के साथ छोटा हाथी वाहन भी जप्त कर लिया है. इसी तरह बेलबाग पुलिस ने ही बाई का बगीचा गली नम्बर 1 मेन रोड के सामने एक वाहन में बहुत तेज आवाज में डीजे बज रहा था, इस वाहन को सिंधी कैम्प बाबा टोला निवासी चंदन चौधरी चला रहा था. पुलिस ने 1 एलपीडी चार चक्का क्रमांक एमपी 13 जीबी 2372 तथा इसमें लगे इंजन जनरेटर (प्रकाश) 1, इंजन जनरेटर (डायमंड) 1, माउस पेड (डायनाटेग) 3, माउस पेड (स्टूडियो मास्टर) 1, माउस पेड (एम.टी. 1201) 1, स्टेपलाईजर लिंक 1 , स्टेपलाईजर इलेक्ट्रा 2, मिस्क्स स्टेंजर 1, सार्पी लाईट मिक्सर 1, सार्पी खाली पेटी 2, पावर प्लग बोर्ड 3, बेस बाक्स 6, साउण्ड बाक्स 4, स्पीलक लाईनर 4, स्टोप लाईट 4, सार्पी लाईट 6 जप्त किये गये। दोनों आरोपियों के विरूद्ध अलग अलग धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम तथा 223 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।





# संविधान के सिद्धांत की लोकतांत्रिक समाज को आकार और दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका

**जबलपुर।** "संवैधानिक नैतिकता में व्यक्तिगत पसंद और मामलों में स्वायत्ता, स्वतंत्रता, समानता एवं गैर भेदभाव जैसे लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के पालन को संदर्भित किया जाता है जिसके अंतर्गत संविधान के सिद्धांतों द्वारा लोकतांत्रिक समाज को आकार और दिशा देने में संवैधानिक नैतिकता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।" उक्ताशय के विचार अतिथि वक्ताओं डॉ. मानवेन्द्र के. तिवारी एसोसियेट प्रो. लॉ. डायरेक्टर ऑफ सेंटर फार स्टडीज इन लीगल थ्योरी डीएनएलयू जबलपुर एवं गौतम गुप्ता असिस्टेंट प्रो. लॉ डायरेक्टर फार सेंटर फार क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड रिसर्च (सीजेआर) डीएनएलयू जबलपुर ने एपी नर्मदा विधि महाविद्यालय में आयोजित Pedagogy of constitutional Morality and new criminal Laws विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यकम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा की गई।कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात वक्ताओं ने निर्धारित विषय वस्तु पर व्याख्यान देते हुए विधि महाविद्यालय के प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि विधि छात्रों को विषय वस्तु की स्पष्ट जानकारी देते हुए उनकी शंका का समाधान यथोचित तरीके से करना चाहिए, जिससे छात्र विषय वस्तु को पूर्ण रूपेण आत्मसात करते हुए भविष्य में अपने कार्यस्थल पर उसका भलीभांति प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन विधि महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, विधि विभागाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, प्राध्यापक रविन्द्र गुप्ता, विजयश्री तिवारी, सपना जैन, आकांक्षा अवस्थी, आकांक्षा मिश्रा, मृत्युंजय तिवारी, शशांक यादव, त्रिपदा भट्ट, रक्षा पालीवाल, निकिता कौरव, डॉ. जयश्री तिवारी, आदर्श राज सहित विधि विभाग के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### शिक्षक संवर्ग समयमान वेतनमान से वंचित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा बताया गया कि मप्र में वर्तमान में समस्त कैडर के अधिकारी/कर्मचारी के लिए 01-04-2006 से 10, 20, 30 वर्ष की सेवा में समयमान वेतनमान दिये जाने का प्रावधान है, परंतु शिक्षा विभाग की गलफत/लापरवाही के चलते अन्य कैडर की भाँति शिक्षक कैडर को समयमान वेतन नहीं दिया जा रहा है, पूर्व से क्रमोन्नति योजना लागू है जिससे समस्त शिक्षक संवर्ग को आर्थिक क्षति हो रही है। आयुक्त लोक शिक्षण से मांग है कि समस्त शिक्षक संवर्ग को अन्य संवर्ग की भाँति 10-20-30 वर्षों में समयमान देने के आदेश जारी किये जाएं।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, हेमन्त ठाकरे, एनोस विक्टर, राजकुमार यादव, अजय मिश्रा, देवेन्द्र भट, राम प्रसाद दुबे, रऊफ खान, आशाराम झारिया, मनीष मिश्रा, संतोष चौरसिया, सुधीर पावेल, सुरेन्द्र चौधरी, रेवा प्रसाद चौबे, दशरथ प्रजापति, फिलिप अन्थोनी, अनिल डहरवाल, गोपीशाह, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, आशीष कोरी, एस.बी. रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने मांग की है।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर मंगलायतन विवि ने अंतर्राष्ट्रीय बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम



**जबलपुर।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि 'अधिकतम जनजातीय लोगों द्वारा धनुर्विद्या का प्रतीक बनाकर जनजातीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने' के उल्लेखनीय आयोजन के लिए प्रदान की गई है। इस अभूतपूर्व आयोजन में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोगों ने धनुष-वाण का प्रतीक बनाकर अपनी संस्कृति का सम्मान किया, जिससे जनजातीय विरासत को संजोने और सशक्त बनाने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के लिए, मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रत्येक सदस्य ने जनजातीय पारंपरिक परिधान धारण किए, जनजातीय भाषा में संवाद किया, जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम (जनजातीय कल्चरल इवेंट) का आयोजन किया और संपूर्ण दिन जनजातीय जीवनशैली को अपनाया। यह पहल जनजातीय समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को मान्यता देने और उनके गौरव को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में डॉ. एम. वसुजा देवी और श्री रूपल ज्योतिषी के मार्गदर्शन में मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर परिवार की अहम भूमिका रही। विशेष रूप से डॉ. अशुतोष सक्सेना और डॉ. आशीष मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा । वि वि के सभी सदस्य गण के अथक प्रयासों , मेहनत और समर्पण से यह कार्यक्रम सफल हो पाया। संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार एवं जनजातीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को विश्व पटल में स्थान दिलाकर ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रो. के.आर.एस. सांबशिव राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "यह उपलब्धि हमारी समावेशी विकास और जनजातीय सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्यरत रहेगा। प्रो. विनीता कौर सलूजा, उप कुलगुरु ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "जनजातीय समुदायों के साथ इस प्रकार की सार्थक भागीदारी से हम सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं, जिससे उनकी सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती मिलेगी। प्रो. बी.एस. नागकिशोर, रजिस्ट्रार, ने आयोजन दल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे संकाय, छात्रों और सामुदायिक भागीदारों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर आगे भी इस तरह की प्रेरणादायक और सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

# ओवर ऑल चैम्पियन कृषि महाविद्यालय जबलपुर के नाम

### प्रतिस्पर्धा से निखरती है विद्यार्थियों की प्रतिभा -कुलपति डॉ. पीके मिश्रा

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जोनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के जवाहर प्रांगण में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर और अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा आयोजित दो दिवसीय 23वीं अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्याआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में गरिमामय माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने मुख्यअतिथि की आसंदी से कहा कि हारजीत की परवाह किये बिना आपसी तालमेल करते हुये सभी प्रतिभागीयों को बेहतर प्रदर्शन और मेहनत करनी चाहिये। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में खेलकूद प्रतियोगिताओं का अमूल्य योगदान है। जिससे राष्ट्रीय स्तर के मंच पर भी अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर जनेकृविवि का नाम रोशन करेंगे। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं कौशल उन्नयन में लाभदायक होगा। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं अपने हुनर और कौशल का प्रदर्शन कर निश्चित ही आगे बढ़ेंगे और भविष्य में देश के लिये मैडल जीतकर आयेंगे। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन सहित अन्य मंचासीन रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के सफल निर्देशन में आयोजित हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 के आयोजनकर्ता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन एवं दो दिवसीय खेलों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

# जिले में फैल रहा फर्जी पत्रकारों का जाल

### प्रशासन मौन, ठगी जा रही आमजनता

**जबलपुर। जबलपुर जिले में इन दिनों पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। आज स्थिति यह है कि 200 और 500 रुपये के न्यूज माइक खरीदकर, उसमें 20 रुपये का स्टीकर चिपकाकर असामाजिक तत्व जनता, प्रशासन और शासन की आँखों में खुलेआम धूल झोंक रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जहां एक ओर इस संकट को प्रशासनिक लापरवाही बढ़ा रही है**

वहीं ईमानदार पत्रकारों और मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थानों की खामोशी भी इसे और बढ़ावा दे रही है। ऐसे एक-दो नहीं, बल्कि सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं, जहां असामाजिक तत्व मीडिया कर्मी का भेष बदलकर आमजन को ठग चुके हैं। लेकिन आज तक प्रशासनिक स्तर पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे पत्रकारिता के भेष में छिपे असामाजिक तत्वों और फ्रॉड करने वालों पर कार्रवाई और उनकी पहचान हो सके।

#### 250 रुपये में बन गए पत्रकार

चिटफंड और असामाजिक तत्वों के लिए पत्रकार का भेष धरकर लोगों को ठगना अब सबसे आसान काम हो चुका है। 250 रुपये में माइक और फर्जी आईडी तैयार कर, लोग वसूली कर रहे हैं। जबरदस्ती कार्यक्रमों में पहुंचने से लेकर आमजन को अलग-अलग तरीकों से ब्लैकमेल करने तक के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

#### वाट्सएप बना हथियार

असामाजिक तत्वों की पत्रकारिता अब वाट्सएप ग्रुप के जरिए चल रही है। 10-15 ग्रुप में एड होकर, फेक न्यूज फैलाना और उसके आधार पर अवैध उगाही के लिए लोगों को फंसाना अब एक आम तरीका बन चुका है।

#### छोटे संस्थानों का गलत इस्तेमाल

पत्रकार के भेष में छिपे तथाकथित फर्जी पत्रकार जिनका किसी भी मीडिया संस्थानों से कोई भी संबंध नहीं है. ऐसे लोग वाट्सअप ग्रुपों से पत्रकारों के नम्बर निकालकर वाट्सअप पर विभन्न सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के समाचारों को प्रेषित कर छपवा लेते हैं. छपने के बाद आयोजन कर्ताओं से 100 से 500 रुपये तक ले लेते हैं. जिन मीडिया संस्थानों में समाचार प्रकाशित हो जाते हैं, उनका ईपेपर, स्क्रीनशॉट, या अख्बार की फोटो खींचकर संबंधितों को भेजते हैं, ग्रुपों में भी वायरल कर देते हैं. दराअसल सीट पर बैठे असली पत्रकारों को यह खेल पता ही नहीं होता और बदनामी उनके सिर आती है. बाद यह फर्जी पत्रकार खुद को असली साबित कर ब्लैकमेलिंग पर उतारू रहते हैं.

#### सरकारी विभागों में डेरा

स्थिति यह है कि पत्रकार के भेष में घूम रहे असामाजिक तत्वों का सबसे अधिक डेरा उन्हीं स्थानों पर है, जिन पर इन पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी है। हैरानी की बात यह है कि कलेक्टर और एसपी ऑफिस अब आमजन को निशाना बनाने का सबसे आसान दफ्तर बन चुका है। शिकायत देने आए या मदद की गुहार लगाने आए शहरवासियों के सामने बिना पूछे माइक लगा देना और फिर जबरदस्ती 200 और 500 रुपये की डिमांड करना कलेक्टर और एसपी ऑफिस में अब आम हो चुका है।

#### कार्यवाही और जांच की जरूरत

पत्रकारिता की आड़ में जिले में खुलेआम चल रहे इस गोरखधंधे को रोकने के लिए जिले के पत्रकार संघ कई बार कलेक्टर और एसपी से मिल चुके हैं। जांच की मांग की गई है और जांच एवं कार्रवाई में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया गया है। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम जिला प्रशासन ने नहीं उठाया है, जिसके कारण स्थिति हर दिन बिगड़ती जा रही है। नतीजा यह है कि फर्जी पत्रकार जो दिन रात अधिकारियों के साथ घुसे रहते हैं, वे उनसे अपना अनैतिक काम भी करा ले जाते हैं. वहीं असली पत्रकारों को अधिकारी वर्जन देने में भी आनाकानी करते हैं।



### ध्रुव, भरत, प्रहलाद चरित्र की कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

**जबलपुर।** पटवारी भवन पटेल मोहल्ला पाटन रोड स्थित करमेता में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 फरवरी तक किया गया है, जिसमें भागवत के आचार्य जबलपुर करमेता निवासी विजय गौतम की सुपुत्री सुश्री अनुष्का गौतम के मुखारबिंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 23 फरवरी को तीसरे दिन व्यास पीठ से अनुष्का गौतम ने ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र व प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। आज 24 फरवरी को समुद्र मंथन, श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर कथा होगी।

# न उद्योग लगे, न रोजगार मिला: तिवारी

**आईपीएपी अध्यक्ष ने जीआईएस को लेकर उठाए सवाल**

जबलपुर।

इंडियन्स पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम तिवारी ने आरोप लगाया है कि पिछले 25 सालों से कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने ग्लोबल इंवेस्टर समिट के नाम पर निवेश का छलावा किया और बेरोजगारों के साथ धोखा किया. पूर्व में जितनी भी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) हुई हैं. उनमें दिखाए गये सपने जमीन पर साकार नहीं हुए हैं. न ही बेरोजगारों को रोजगार मिला. श्री तिवारी ने कहा है कि वर्ष 2007 में हुये ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में 1 लाख 20 हजार करोड़ के निवेश की बात कही गई थी। उसमें से 17 हजार 311 करोड़ के निवेश ही उद्योग में बदल सके और 50 हजार लोगों को रोजगार मिलने की सरकार बात कह रही है। वर्ष 2010 में हुये ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में 2 लाख 33 हजार करोड़ रूपये के एमओयू कराये गये। परन्तु मौजूदा हालात में 26,879 करोड़ के निवेश और 25 हजार रोजगार का दावा किया जा रहा है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने भाजपा और कांग्रेस पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2007 से 2025 तक सरकारों ने इस मीट के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया और उद्योग व रोजगार के नाम पर जनता को धोखा दिया। डॉ. तिवारी के अनुसार, इन्वेस्टर्स मीट में घोषित अरबों के निवेश प्रस्ताव महज दिखावा हैं, जबकि हकीकत यह है कि पहले से स्थापित उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं और रोजगार के अवसर तेजी से घट रहे हैं।

# धर्मायतन में हुई जिनबिंबों की स्थापना

## मंगलगान से गूंज उठा श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय

**जबलपुर। फाल्गुन कृष्ण अष्टमी शुक्रवार के शुभ दिन राईट टाऊन गोल बाजार स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय धर्मायतन तीर्थंकर महावीर भगवान सहित देव- शास्त्र- गुरु भगवन्तों की मंगलकारी जयघोष से गुंजायमान हो उठा।**



मंगलमय प्रसंग था संस्कारधानी में बने जिनशासन की मंगल प्रभावना एवं धर्माराधना का प्रतीक सुंदर एवं मनोहारी संकुल धर्मायतन में विराजमान हुए मनोहारी जिनबिंबों की स्थापना का, जिसका सौभाग्य मिला श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन जबलपुर के जिनशासन सेवकों को।

फेडरेशन के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि प्रातःकाल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने मनोहारी जिनबिंबों के प्रक्षालन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया, पश्चात सकल समाज ने विधि-विधान पूर्वक मूलनायक 1008 तीर्थंकर महावीर स्वामी के साथ तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान एवं तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान की प्रतिमा को वेदी पर विराजमान कर उनका गुणगान करते हुए शिखर पर कलशारोहण किया। मंगलमय अनुष्ठान में जैन दर्शनाचार्य पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली द्वारा रचित शांति विधान किया गया जिसके विधानकर्ता बनने का सौभाग्य आतम जैन परिवार को मिला। कार्यक्रम में नगर गौरव पंडित राजेंद्रकुमार जैन, ब्रह्मचारी डॉ. मनोज जैन, श्रेणिक जैन, जिनेंद्र जैन सहित अन्य विद्वतजनों ने विधान की मांगलिक क्रियाएं सम्पन्न कराई, सभी अनुष्ठानों का कुशल निर्देशन पंडित विराग शास्त्री एवं मंगलार्थी अनुभव शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक जैन, फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन के साथ अनुभव जैन दिगम्बर, अभिषेक जैन दिगम्बर, विशाल जैन, प्रशांत जैन, निशांत जैन, अंकित जैन दिगंबर सहित बड़ी संख्या में मंडल, फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मंडल के पदाधिकारियों के साथ जिनशासन सेवकगण सम्मिलित हुए और सभी ने मिलकर धर्माराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।



# खाटू वाले श्याम बाबा का 20वां वार्षिकोत्सव 1 व 2 मार्च को

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल द्वारा आगामी 01 व 02 मार्च को खाटू वाले श्याम बाबा का 20वां वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 01 मार्च को विशाल शोभायात्रा प्रातः 10 बजे बलदाऊ जी मंदिर कोतवाली से निकाली जाएगी, जो बगलामुखी मंदिर, मालवीय चौक पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु भक्ति-भाव से श्याम प्रभु के जयकारे लगाते नगर भ्रमण करेंगे। इसके उपरांत 02 मार्च को शाम 05 बजे से शहीद स्मारक गोलबाजार में भव्य भजन संध्या 'एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम' का आयोजन किया जाएगा। इस भजन संध्या में बरेली उत्तरप्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका अंजलि द्विवेदी व जबलपुर के लाडले बल्लू शर्मा सहित अन्य स्थानीय भजन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे और श्याम भक्तों को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। भजन संध्या के अवसर पर अलौकिक पुष्प श्रृंगार, अखंड जोत, छप्पन भोग, फूलों की होली और श्याम की रसोई जैसी दिव्य झांकियां भक्तों के दर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगी। इस आयोजन को लेकर 23 फरवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव पवन बगदोरिया सहित अनेक पदाधिकारियों ने बताया कि यह निःशुल्क आयोजन पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में संपन्न होगा और नगर के श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव रहेगा। समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति का अनुरोध आयोजकों ने किया है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न, पत्रिका विमोचित

**जबलपुर।**

जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर, महिला संगठन एवं युवा संगठन, विधि प्रकोष्ठ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 फरवरी को मानस भवन में पूर्वान्ह 11 से 05 बजे तक आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष इंजी. कुर्मी विवेक चौधरी ने बताया कि परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री मप्र शासन राम खेलावन पटेल, राष्ट्रीय महासचिव कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ हरीश वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, नारायण पटेल, राजेश पटेल, अटल पटेल थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुर्मी इंजी. विवेक चौधरी ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के आदर्श वल्लभ भाई पटेल, वीर शिवाजी एवं शहीद गुलाब सिंह के चित्रों पर माल्यार्पण के बाद सामाजिक गान किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत समाज की पत्रिका का विमोचन अतिथियों ने किया, जिसमें समाज के विवाह योग्य लगभग 600 युवक-युवतियों के बायोडाटा सचित्र उपलब्ध हैं। परिचय सम्मेलन में लगभग सभी युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सचान, वैराग्य पटेल, राममिलन पटेल, रंजीत पटेल, शैलेन्द्र पटेल, आदेश पटेल, प्रदीप मोनू पटेल, जयप्रकाश पटेल, ललितेश्वर पटेल, डॉ. सुरेश पटेल, नारायण पटेल, महिला संगठन से अर्चना पटेल, रोशनी पटेल, बबली पटेल, प्रिया चौधरी, सरोज पटेल सहित सभी पदाधिकारी, सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### संत शिरोमणि शबरी जयंती पर विशाल भंडारा आज

**जबलपुर।** आदिवासी समाज की आराध्या संत शिरोमणि माता शबरी जयंती के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन 24 फरवरी को कालीधाम माता शबरी आश्रम ग्राम रिठौरी मझगवां टोला जबलपुर में किया गया है। शबरी जयंती पर पूर्वान्ह 11.30 बजे माता शबरी की पूजा-अर्चना अतिथियों एवं प्रबंधक समिति द्वारा की जाएगी। तत्पश्चात संगीतमय नौदा भक्ति पर प्रवचन एवं कथा का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारा आयोजित है। उपस्थिति की अपील कुंजीलाल गोंटिया, महेश प्रसाद गोंटिया, जम्मन गोंटिया, रघुवीर प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, रामस्वरूप गोंटिया, रमाशंकर गोंटिया, राजाराम गोंटिया,शांति, बबीता गोंटिया आदि ने की है।

# आर्य समाज ने महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव मनाया

**जबलपुर।** महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वाँ जन्मोत्सव महर्षि बोध उत्सव और महा शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ऋग्वेद पारायण महायंत्र के कार्यक्रम के तहत महर्षि दयानंद सरस्वती के विचार (ईश्वर एक है जो सर्वव्यापी है और वेद ही ईश्वर की कुंजी है) वेदों के प्रचार के लिए समर्पित सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों की खोज के साथ अंधविश्वास, कुरीतियों व जातिवाद का विरोध महर्षि दयानंद सरस्वती की महान प्रेरणा थी जो आर्य समाज के महान समाज सुधारक एवं महान भारतीय विचारक और आर्य समाज के संस्थापक के विचारों को आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के द्वारा गायत्री मंत्र के मंत्रोच्चारण के साथ हवन आहुति देकर श्रद्धालुओं को शांति पाठ पढ़ाकर पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री (पुरोहित) के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम समाज के प्रतिष्ठित समाज सेवियों की उपस्थिति में नरेन्द्र कुमार धमीजा (वेद प्रचारक अधिष्ठाता), प्रदीप चौकसे, अंकित गुलाटी, रोहित भाटा, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. अरूण कक्कड़, सुनील डींगरा, अनुपम विद्यार्थी, (प्रधाना आर्य महिला समाज) डॉ. कु. अरूण सिंह, श्रीमती मंजू धमीजा, सुदेश धमीजा, वीरेन्द्र धमीजा (मार्गदर्शक) ध्वजारोहण के दरम्यान मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रचारणी सभा में स्वेच्छा शर्मा, भजन गायन में राकेश चौरसिया (गणेश शर्मा तबला) का विशेष योगदान रहा। साथ ही साथ होशंगाबाद से आये गुरुकूल के छात्रों ने मंत्रोच्चारण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सहयोगियों में सोमेन्द्र महेश्वरी, पीयूष शर्मा (मंत्री) का सहयोग रहा। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। साथ ही साथ संस्था के द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसादम आदि का वितरण संस्था के द्वारा किया गया।





### चड़ार समाज का सामाजिक महाकुंभ 26 को

**जबलपुर।** चड़ार समाज द्वारा 'सामाजिक महाकुंभ' नाम से सामाजिक कार्यक्रम महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भेड़ाघाट चड़ार समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया है। चड़ार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चड़ार ने जानकारी देते हुए बताया कि भेड़ाघाट चड़ार समाज धर्मशाला प्रांगण में 26 फरवरी दिन बुधवार को शिवरात्रि के पावन पर्व पर सामाजिक महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें सैकड़ों की तादात में सामाजिकजन उपस्थित होंगे। पूर्वान्ह 11 बजे से नर्मदा पूजन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ कर सामाजिक उद्बोधन के पश्चात भंडारे का आयोजन जबलपुर चड़ार समाज द्वारा किया गया है, चड़ार समाज के सामाजिक महाकुंभ कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील चड़ार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चड़ार, जबलपुर जिला अध्यक्ष जुगल किशोर चड़ार, राष्ट्रीय महामंत्री मदन चड़ार, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष विष्णु चड़ार, जबलपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष देवा चड़ार, जिला प्रवक्ता मनोज चड़ार, युवा जिला अध्यक्ष अंकित चड़ार, जिला युवा उपाध्यक्ष प्रदीप चड़ार एवं अन्य स्वजातीयजनों ने की है।

# जल वंशीय मांझी आदर्श विवाह सम्मेलन में 8 दंपति जीवन सूत्र में बंधे



**जबलपुर।** जलवंशीय माझी समाज शैक्षणिक एवं सेवा समिति जबलपुर के तत्वावधान में माझी, रैकवार, सोंधिया, बर्मन, कश्यप, सिंगरहा, निषाद आदि का परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह सम्मेलन मड़ई, रांझी में भगवान श्री गुहराज निषादराज की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ, छोटी- छोटी बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना व नृत्य प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सीताराम शयम, अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश व प्रदेश के अन्य जिलों के सामाजिक बंधुओं ने प्रमुख रूप से सहभागिता की, समिति की प्रदेशाध्यक्ष भूमा रैकवार, समिति के समस्त पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित समाज के बंधुओं व अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन के साथ आठ जोड़ों का आदर्श विवाह भी सम्पन्न किया गया। मुख्य अतिथि सीताराम बाथम ने इस आयोजन को समाज का महत्वपूर्व आयोजन बताया व आयोजन में आदर्श विवाह करने वाली बेटियों को अपनी बेटी जैसा सम्मान देने की बात कही, समिति द्वारा श्री बाथम का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित फिशरमेन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष गंदी बस्ती निर्मूलन बोर्ड, ने अपने उद्बोधन में कहा कि जलवंशीय माझी समाज का यह परिचय सम्मेलन समाज की जागरुकता का उदाहरण है, समाज के लोग इसी एकजुटता से जब सड़कों पर उतरेंगे, तो हमारे समाज की ताकत बढ़ेगी व हमारी हर समस्या के निराकरण करने में सरकार हमें प्रमुखता देगी। परिचय सम्मेलन में विशेष रूप से सतना से शिव प्रताप सिंगरहा, नरसिंहपुर से आमू नौरिया, प्रकाश नौरिया, प्रकाशचंद्र केवट सतना, अनिल सौधिया, सुरजीत सिंह सिंगरहा, मौहर सोहन रैकवार, नरसिंहपुर आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से समाज के लोगों ने तन मन धन से जो सहयोग व सहभागिता की सभी के प्रति समिति ने आभार माना। आयोजन में भूमा रैकवार, भारती माझी, सुनीता रैकवार, प्रियंका बर्मन, मीना रैकवार, सीता रैकवार, मधु रैकवार, गोपाल मांझी, मुकेश रैकवार, मोनू रैकवार, गोपाल रैकवार, मुकेश रैकवार, विनय रैकवार इत्यादि लोग मौजूद रहे।



# मंडी मदार टेकरी में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा के ठक्कर ग्राम वार्ड अंतर्गत मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में खजुर वाले बाबा से गेट नम्बर 3 तक रोड निर्माण विधायक लखन घनघोरिया, पार्षद गुलाम हुसैन द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें पार्षद गुलाम हुसैन, गुड्डू बाबा, तससीर हुसैन, बाबा सईद मंसूरी ने स्वागत किया और अपनी दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर फिरदौस अंसारी, समाजसेवी गुलाम जिलानी, मेहबुब अंसारी, कदीर भाई, शेख शेरू, कल्लू चाचा, सरफराज भाई, समीम भाई, तोफिक भाई, टीपू सुलतान, सोहैल मोनू जैद, टीपू भाई, कल्लू शाहरुख इमरान और सभी लोगों ने पार्षद गुलाम हुसैन को अपनी नेक दुआएं से नवाजा और पार्षद का स्वागत किया, जिसमें पार्षद गुलाम हुसैन ने क्षेत्रीयजनों का अभार व्यक्त किया।



**श्रीमती रुपा रिखोलिया** - सिहोरा में सरावगी मोहल्ला निवासी श्रीमती रुपा रिखोलिया का 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज सोमवार को सुबह 10 बजे कटरा मोहल्ला बाबाशाला स्थित गहोई मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे संतोष गुप्ता की पत्नी संजय गुप्ता की भाभी थी।



**श्री परमी बाई ठाकुर** - सिहोरा के निकटवर्ती ग्राम रिवझा निवासी परमी बाई ठाकुर का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम में किया गया। वे पत्रकार जगदीश,रघुनाथ, श्याम सिंह ठाकुर की मां थी।

**श्री धुरी लाल**- नेपियर टाउन नवीन विद्या भवन के पास निवासी श्री धुरी लाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती गुप्ता**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री लखपत गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी पटेल**- शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री अनिल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम बर्मन**- बडी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री सीताराम बर्मन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री सुधा मालवीय**- मदनमहल अंडर ब्रिज रोड निवासी श्री फूलचंद मालवीय की पुत्री सुश्री सुधा मालवीय (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई कोल**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री हीरा लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई कोल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमा शंकर**- उदय नगर नं. 2 गोकलपुर निवासी श्री उमा शंकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक बेरिया**- बापू नगर रांझी निवासी श्री प्रभुदयाल बेरिया के पुत्र श्री दीपक बेरिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर




श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष श्रीवास्तव**- भट्टा मोहल्ला कटनी निवासी श्री संतोष श्रीवास्तव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकला गीद**- तम्हेरा मोहल्ला पश्चिमी घमापुर निवासी श्री कृष्णा राव गीद की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला गीद (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मेवा लाल पासी**- गली नं. 20 सदर निवासी श्री मेवा लाल पासी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक पृथ्यानी**- राधा आश्रम शहडोल निवासी श्री दीपक पृथ्यानी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री माधव प्रसाद कुशवाहा**- रामपुर दुर्गा नगर निवासी श्री माधव प्रसाद कुशवाहा (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर लाल कोरी**- कमल नगर मूढ़ा टोला बरघाट सिवनी निवासी श्री सुंदर लाल कोरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर**- वृंदावन कॉलोनी कजरवारा निवासी श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा देवी कुटप्पन**- इंद्रा नगर बिलपुर निवासी श्री कुटप्पन एमएम की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी कुटप्पन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री किशन लाल कुरील**- भूरी बाई बगीचा गोराबाजार केंट निवासी श्री किशन लाल कुरील (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव**- नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री राजेंद्र राय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# डेरा सच्चा सौदा मझौली ब्लॉक द्वारा 100 टीमों को क्रिकेट किट वितरण

**मझौली।** डेरा सच्चा सौदा मानवता भलाई कार्यों के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में, मझौली ब्लॉक द्वारा क्षेत्र की 100 क्रिकेट टीमों को क्रिकेट किट वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना और उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए बढ़ावा देना है।




# सोती हुई ड्यूटी डॉक्टर को जगाने से मरीज के परिजनों पर एफ.आई.आर

**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से सिविल अस्पताल बने पाटन अस्पताल में नए नए कारनामे सामने आ रहे हैं। कभी डॉक्टर द्वारा अपनी रिस्क पर इलाज कराने की सलाह दी जाती है तो कभी खुद के लंच टाइम मे प्राइवेट क्लिनिक मे दिखाने की सलाह दी जाती है किन्तु इस बार मरीजों के लिए एक नई समस्या ही निकल सामने आई है। मरीज के परिजनों द्वारा बताये अनुसार प्रिंस यादव अपनी माँ के इलाज हेतु आकस्मिक चिकित्सा लेने सुबह साढ़े छः बजे सिविल अस्पताल पाटन पहुंचा जहाँ ड्यूटी डॉक्टर डॉ. वैशाली खन्ना आराम कर रहीं थीं जब मरीज के परिजनों ने उन्हें जगा कर इलाज के लिए बोला तब डॉक्टर साहिबा ने अस्पताल में नियुक्त गार्ड से मरीज का बीपी चेक कराया जिस बात पर परिजनों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई किन्तु ड्यूटी डॉक्टर ने मरीज के परिजनों से अभद्रता करते हुए मरीज को बाहर निकाल दिया। जब अस्पताल प्रबंधन ने बढ़ता हुआ विरोध देखा तो डॉक्टर मरीज को कानूनी तौर पर दबाने के लिए एफ आई आर कराने पुलिस थाने पहुँच गई और वहाँ मरीज के परिजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी, हलाकि मरीज के परिजनों ने पुलिस थाना पाटन मे ड्यूटी डॉक्टर के खिलाफ अभद्रता का आवेदन दिया है जिसमे लगभग तीन सौ लोग आवेदक के साथ उपस्थित रहे, अब देखना यह है की पाटन पुलिस काउंटर केस बनाती है या अधिकारी अधिकारी का पक्ष करते हैं।



### 10 दिनों से बीएसएनएल नेटवर्क बंद

**मझौली।** पिछले 10 दिनों से बीएसएनएल नेटवर्क बंद होने के कारण सरकारी कार्यालय के कर्मचारीयों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस समय परीक्षा चल रही है एवं 10वीं 12वीं की परीक्षा चालू होने वाली है जिस कारण से ऑनलाइन काम करने बहुत परेशानी आ रही है। क्योंकि इस समय अधिक काम ऑनलाइन ही किए जाते हैं समस्त मझौली तहसील के कर्मचारियों के द्वारा शासन प्रशासन से मांग की जा रही की शीघ्र बंद पड़ी बीएसएनएल को शीघ्र ही चालू किया जाए शासकीय स्कूल में पदस्थ लाल जी दुबे के द्वारा बताया गया आए दिन बीएसएनएल नेटवर्क बंद होने के कारण ऑनलाइन काम करने में परेशानियां आती है।

# क्रिप्टो की दुनिया में बड़ी चोरी, हैकर्स ने उड़ाए 13,000 करोड़ रुपए के इथेरियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिप्टो की दुनिया में एक बहुत बड़ी चोरी हुई है। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट से 1.5 अरब डॉलर (करीब 13 हजार करोड़ रुपए) की डिजिटल करेंसी गायब हो गई है। यह इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरियों में से एक है। इससे पहले भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स से भी दो हजार करोड़ रुपए की चोरी हुई थी।

कंपनी के सीईओ बेन झोउ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस चोरी के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि एक हैकर ने बायबिट के एक ऑफलाइन इथेरियम वॉलेट पर कब्जा कर लिया। इसके बाद कई ट्रांजेक्शन करके पैसों की चोरी की गई। बिटकॉइन के बाद इथेरियम दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है।

बेन झोउ ने यह भी बताया कि बायबिट के हॉट वॉलेट, वार्म वॉलेट और बाकी सभी ऑफलाइन वॉलेट सुरक्षित हैं। पैसे निकालने का काम भी सामान्य रूप से चल रहा है। बायबिट एक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज है जिसके दुनिया भर में 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा यूजर्स हैं।

इस चोरी के बाद बायबिट के यूजर्स घबरा गए। उन्हें लगा कि कहीं कंपनी दिवालिया तो नहीं हो जाएगी। इसलिए लोगों ने जल्दी-जल्दी अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। हालांकि, झोउ ने कहा, 'बायबिट दिवालिया नहीं होगा। चाहे यह पैसा वापस मिले या नहीं। कस्टमर का पैसा सुरक्षित है। हम इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं।'

## बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की डिजिटल करेंसी की चोरी हुई




### भारतीय एक्सचेंज पर भी हुआ था अटैक

पिछले साल जुलाई में भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स पर सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ था। इसमें 235 मिलियन डॉलर (करीब दो हजार करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ था। इस हमले का भी पता उत्तर कोरियाई हैकर्स पर लगा था। उस समय वजीरएक्स के को-फाउंडर निश्चल शेट्टी ने कहा था, 'हमें यकीन है कि यह (उत्तर कोरिया का) लाजरस ग्रुप हो सकता है।'

### उत्तर कोरिया के हैकर्स पर शक

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इल्पिटिक के विश्लेषकों ने इस हमले को उत्तर कोरिया के लाजरस ग्रुप से जोड़ा है। यह एक सरकारी हैकिंग ग्रुप है जो क्रिप्टोकरेंसी इंडस्ट्री से अरबों डॉलर चुराने के लिए बदनाम है।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने खुदरा ऋण पर ब्याज दर घटाई




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपने आवास और कर ऋण सहित अपने खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती के बाद बीओएम ने यह कदम उठाया है। आरबीआई ने पांच साल के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत किया था।

### त्योहारी मांग से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर मांग बढ़ने और विदेशी तेलों के महंगा होने से आयात में गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित पाम-पामोलीन के दाम में वृद्धि हुई है जिससे पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। जनवरी में खाद्य तेलों का आयात 10 लाख सात हजार टन का हुआ था, जिसके फरवरी में घटकर 9.5 लाख टन रहने की संभावना है।

### टाटा पावर डीडीएल ने की प्रोबस स्मार्ट में साझेदारी



**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ने प्रोबस स्मार्ट थिंग्स के साथ सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग का मकसद 'ब्लूटूथ' सक्षम संचार के साथ एक सार्वभौमिक नेटवर्क इंटरफेस कार्ड को अपनाकर 'स्मार्ट मीटरिंग' प्रौद्योगिकी में व्यापक स्तर पर बदलाव लाना है। कंपनी के बयान के अनुसार, इस सहयोग के तहत टाटा पावर-डीडीएल और प्रोबस संयुक्त रूप से स्मार्ट मीटरिंग प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए इसके नवीन इस्तेमाल खोजेंगे।

### एचएमपीएल को मिला 100 करोड़ का अनुबंध



**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा से बिजली क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को महाराष्ट्र में इस्पात का कार्य उपलब्ध कराने के लिए 102 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि यह परियोजना वेंकटेश इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स द्वारा दी गई है और इसे छह महीने में पूरा किया जाएगा। इस अनुबंध में 'तकनीकी ड्राइंग के अनुसार सुदृढ़ीकरण स्टील की कटाई, झुकाव, फिक्सिंग और मुंबई के वर्सोवा बांद्रा सी लिंक परियोजना स्थल पर पुल निर्माण के लिए संरचनात्मक स्टील का निर्माण शामिल है।'

### एसबीआई का लक्ष्य शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने रविवार को कहा कि बैंक 2055 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन होने का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि उस समय बैंक अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाएगा। शेट्टी ने वित्तीय राजधानी मुंबई में 'एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन-5' कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने के बाद यह टिप्पणी की। यहां आयोजित इस आयोजन में पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर वर्ग में 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

## विशेषज्ञों ने कहा, सोने का प्रदर्शन इक्विटी व बांड से बेहतर

# सोने ने इस साल अब तक दिया 11% का रिटर्न, नए निवेश पर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है। इस साल सोने का दाम कुल 11.20 प्रतिशत चढ़ा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज सर्विसेज लि. के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। हालांकि, कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए, इस स्तर पर सोने में नया निवेश करते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है।''

## वैश्विक अनिश्चितता का दौर आगे भी जारी रहने की संभावना



### सोना एक सुरक्षित निवेश

मोदी ने कहा, ''निवेशकों को हमेशा एक विविध पोर्टफोलियो यानी निवेश के विभिन्न उत्पादों में पैसा रखने की सलाह दी जाती है। सोना एक सुरक्षित परिसंपत्ति है और अपेक्षाकृम कम अस्थिर वस्तु है, जिससे निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में मदद मिलती है।''

### सोने ने पहले 50 दिन में 11.2 फीसदी का रिटर्न दिया

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, एमसीएक्स वायदा में सोना इस साल के पहले 50 दिन में ही 11.2 प्रतिशत की अच्छी बढ़त के साथ 77,500 रुपये से बढ़कर 86,200 हो गया हैं। पिछले साल, सोने में लगभग 27 प्रतिशत का उछाल आया था। इसका मतलब है कि जनवरी, 2024 से अब तक इसमें 38 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

### सरकारी स्वर्ण बांड बेहतर

कलंत्री ने कहा, 'सोने में निवेश विकल्प आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, नकदी की जरूरतों और निवेश अवधि पर निर्भर करता है। यदि आप कर लाभ और ब्याज आय चाहते हैं, सरकारी स्वर्ण बांड अच्छा है।

### प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे

यह पूछे जाने पर कि सोने में निवेश के लिए भौतिक रूप से सोना खरीदना, स्वर्ण बॉन्ड, ईटीएफ या सोने में निवेश से जुड़े म्यूचुअल फंड में से क्या बेहतर है, मेहता इक्विटीज के कलंत्री ने कहा, ''प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे और नुकसान हैं।

### सोना हमेशा ही रिटर्न देता रहा

कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कोलिन शाह ने कहा, ''सोना ऐसी संपत्ति श्रेणी में है जो हमेशा ही रिटर्न देता रहा है। चाहे महंगाई हो या आर्थिक अनिश्चितता, सोने ने निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए एक मजबूत ढाल प्रदान किया है। इसलिए, इस वर्ष के केवल दो महीनों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ, सोना निश्चित रूप से वर्तमान समय में निवेश और रिटर्न के मामले में एक बहुत ही पसंदीदा और उपयुक्त विकल्प है।'

### निवेशकों को निवेश में संतुलन बनाना होगा

यह पूछे जाने पर कि शेयर और बांड तथा अन्य निवेश उत्पादों की तुलना में सोना बेहतर निवेश विकल्प है या निवेशकों को संतुलन बनाना चाहिए, कलंत्री ने कहा, ''हाल के वर्षों में, सोने ने इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर रुपये के साथ, यह रुख जारी रहने की संभावना है।

# अदाणी समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 58,104 करोड़ का कर चुकाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विविध क्षेत्र में कार्यरत अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 58,104 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। समूह ने वित्त वर्ष 2022-23 में 46,610 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया था। अदाणी समूह ने बताया कि भुगतान किए गए करों में वैश्विक कर, शुल्क और अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनियों द्वारा वहन किए गए अन्य शुल्क, अन्य हितधारकों की ओर से जुटाए और भुगतान किया गया अप्रत्यक्ष कर योगदान और शुल्क और कर्मचारियों के लाभ के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान शामिल हैं। अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह ने वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024) के लिए अपनी कर पारदर्शिता रिपोर्ट जारी की है। समूह ने बयान में कहा, "वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अदाणी समूह का कुल वैश्विक कर और राजकोष में अन्य योगदान 58,104.4 करोड़ रुपये था, जो सूचीबद्ध इकाइयों के अपने पोर्टफोलियो के माध्यम से इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 46,610.2 करोड़ रुपये की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।"

समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों - अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स द्वारा प्रकाशित स्वतंत्र रिपोर्टों में इसका विवरण दिया गया है। इस आंकड़े में तीन अन्य सूचीबद्ध कंपनियों - एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज द्वारा चुकाया गया कर भी शामिल है, जो सात कंपनियों के पास है।

### उद्देश्य नए मानक स्थापित करना

चेयरमैन ने कहा, "इन रिपोर्ट को स्वेच्छा से जनता के साथ साझा करके, हमारा उद्देश्य हितधारकों का भरोसा बढ़ाना और जिम्मेदार कॉरपोरेट आचरण के लिए नए मानक स्थापित करना है।"

# ताइवान की डेल्टा भारत में कर रही 50 करोड़ डॉलर का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइवान स्थित डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है। इसकी घोषणा 2015 में की गई थी। यह निवेश कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने किया है। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में एक



सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद से अपनी भारतीय शाखा के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से अपनी भारतीय इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है।

लिन ने कहा, "भारत डेल्टा के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम अपने उन्नत समाधानों के साथ इसके औद्योगिक और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ऊर्जा के ढ़ांचे में भारत को आत्मनिर्भर करना

लिन द्वारा पेश प्रस्तुति के अनुसार, कंपनी भारत में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करने की प्रक्रिया में है, जिसमें कृष्णगिरि सुविधा का विस्तार भी शामिल है। इस निवेश के माध्यम से हमारा लक्ष्य वैश्विक उद्योग मानकों में योगदान करते हुए स्मार्ट विनिर्माण और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है।"

# एंजल कोष में निवेशकों का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रहा सेबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की परिभाषा का विस्तार करने और 200 निवेशकों की सीमा को हटाने पर विचार कर रहा है, जिससे एंजल कोष को मान्यता प्राप्त निवेशकों के व्यापक समूह तक पहुंच मिल सके।

इस कदम से अधिक धनी निवेशक भाग ले सकेंगे, जिससे स्टार्टअप के लिए वित्तपोषण बढ़ेगी। यह सुनिश्चित करता है कि केवल वित्तीय रूप से मजबूत निवेशक ही उच्च जोखिम वाले निवेश करें, जिससे एंजेल कोष को अधिक पूंजी जुटाने और शुरुआती चरण की कंपनियों का समर्थन करने में मदद मिलती है।

एन्जेल कोष एक प्रकार का उद्यम पूंजी कोष है, जो स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए निवेशकों से धन जुटाता है।

हालांकि, निवेशकों की जोखिम क्षमता के अपर्याप्त सत्यापन, मजबूत वित्तीय समर्थन के बिना बड़ी संख्या में निवेशकों को शामिल करने, तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निजी नियोजन विनियमों के साथ संभावित टकराव के बारे में चिंताएं व्यक्त की गई हैं।

इन चिंताओं को दूर करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पहले प्रस्ताव दिया था कि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों (एआई) को ही एंजल कोष में निवेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## क्यूआईबी में 200 निवेशकों की सीमा



### संशोधन पर प्रतिक्रिया मांग रहा सेबी

अब, नियामक मान्यता प्राप्त निवेशकों को शामिल करने के लिए क्यूआईबी की परिभाषा में संशोधन करने पर प्रतिक्रिया मांग रहा है, विशेष रूप से निवेश के अवसर प्रदान करने और एंजल फंड के माध्यम से निवेश आवंटित करने के लिए। इसके अलावा, सेबी ने एंजल कोष के लिए 200 निवेशकों की सीमा को हटाने का प्रस्ताव दिया है।

# शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी।'

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

### शुल्क की चिंताएं बाजार पर हावी

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत का नुकसान रहा। कोटक सिक्योरिटीज के प्रमुख (इक्विटी शोध) श्रीकांत चौहान ने कहा, ''जवाबी शुल्क की चिंताएं वैश्विक और भारतीय बाजार पर हावी हैं।'' उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क के मोर्चे पर खबरें बाजार को प्रभावित करेंगी।

## पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस को रहा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,65,784.9 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में मंदड़िया रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 628.15 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## वैश्विक अनिश्चितताओं, कौशल व एआई की बढ़ती मांग से जूझ रहा

# आईटी क्षेत्र में वेतन वृद्धि सीमित रहने का अनुमान

एजेंसी : नई दिल्ली

भारत के 250 अरब अमेरिकी डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में वेतनवृद्धि सीमित रहने की संभावना हैं। विशेषज्ञों ने यह राय जताते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को इस समय वैश्विक अनिश्चितताओं, बदलते कौशल की बढ़ती मांग तथा कृत्रिम मेधा (एआई) की बढ़ती स्वीकार्यता जैसी अनिश्चितताओं से जूझना पड़ रहा है।

उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में औसत वेतन वृद्धि 4-8.5 प्रतिशत होगी, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय कमी है। यह अधिक व्यावहारिक रणनीतियों की ओर बदलाव का संकेत है।



### कौशल आधारित वेतन की ओर बढ़ रही कंपनियां

विज ने कहा कि कंपनियां अपने वेतन बजट के साथ अधिक रुढ़िवादी हो रही हैं, और कई ने तो अपने मूल्यांकन चक्र को सामान्य अप्रैल-जून अवधि से भी आगे बढ़ा दिया है। विज ने कहा, ''संगठन लागत दक्षता के लिए दूसरी श्रेणी की भर्ती का लाभ उठाते हुए कौशल-आधारित वेतन की ओर बढ़ रहे हैं।

### व्यावसायिक प्राथमिकताओं में आया बदलाव

टीमलीज डिजिटल की उपाध्यक्ष कृष्णा विज ने कहा, ''इस साल वेतन वृद्धि का दृष्टिकोण काफी सतर्क है।' ''उद्योग के खिलाड़ी चार प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत की सीमा में वेतन वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में कम है। यह कमी काफी हद तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, विवेकाधीन खर्च में कमी और व्यावसायिक प्राथमिकताओं में बदलाव के कारण है।''

वेतन वृद्धि के बजाय कंपनी में रुकने के लिए बोनस, ईएसओपी और परियोजना-आधारित प्रोत्साहन को मुआवज़ा रणनीतियों के रूप में लागू किया जा रहा है।'' रीड एंड विलो की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जानू मोतियानी ने भी इसी तरह की अपेक्षित वृद्धि सीमा बताई।

मोतियानी ने कहा कि वेतन वृद्धि पांच से 8.5 प्रतिशत के बीच रहेगी। उन्होंने कहा कि दो अंक में वेतन में बढ़ोतरी के दिन अब पीछे रहे गए है, कम-से-कम फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। यह क्षेत्र में सतर्क स्थिति को दर्शाता है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वित्त वर्ष के लिए चार से आठ प्रतिशत की वेतन वृद्धि की है।

## चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे पैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

**दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।**

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने




1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है। यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके। वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
मनोज कुमार अग्रवाल




# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है। *– शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

## ट्रेंड


### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सफाईकर्मी को वेतन




महाकुंभ ख़त्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफ़ाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल


अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था।'रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है। इसका सहयोगी उपग्रह चैनल 'बेगम टीवी' फ्रांस से संचालित होता है और सातवीं से 12वीं कक्षा तक के अफगान स्कूली पाठ्यक्रम को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है। तालिबान ने देश में महिलाओं और लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि 'रेडियो बेगम' ने परिचालन पुनः आरंभ करने की अनुमति के लिए 'कई बार अनुरोध' किया था।



## ऑफ बीट

# घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा

गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं और जिन्होंने पहले से ही दवाओं से उपचार की कोशिश की है। सर्जरी से रक्त का थक्का जमने या संक्रमण जैसी गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का खतरा रहता है, तथा हर कोई पूरी तरह ठीक भी नहीं हो पाता। केवल एक्स-रे के आधार पर सर्जरी से जुड़े फैसले लेने पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि घुटने के गठिया के उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए नियमित एक्स-रे की सिफारिश नहीं की जाती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने स्नान कर जीवन धन्य किया, मां जानकी के 'मायके' वाले भी पहुंचे

## महाकुंभ में पुण्य की महाडुबकी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या शनिवार को 62 करोड़ पार हो गई है। पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। इस तरह से पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।भारत में सनातन धर्म को मानने वाले 55 प्रतिशत से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके हैं। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।



[ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। ]

## डीडीयू जंक्शन पर भिड़े पैसेंजर, चले लात-घूंसे और थप्पड़

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेलवे स्टेशन से महाकुंभ में जाने के लिए यात्रियों की जमकर भीड़ उमड़ी। ट्रेनों में बैठने को लेकर लोग आपस में भिड़ जा रहे हैं और मारपीट तक करने लगे। यहां पर यात्रियों के बीच लड़ाई का एक वीडियो सामने आया है। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों का दो समूह आपस में भिड़ गया।दोनों समूहों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद एक समूह के एक व्यक्ति ने दूसरे समूह के एक व्यक्ति को पीट दिया। हालांकि, जैसे ही दूसरे समूह के लोगों की नजर मारपीट करने पर पड़ी तो उन्होंने मिलकर पहले समूह के लोगों को पीट दिया।

### स्पेशल ट्रेन में चढ़ने की मशक्कत



**जाने वालों की उमड़ रही भारी भीड़**

डीडीयू रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है, लेकिन डुबकी लगाने श्रद्धालु ट्रेनों में किसी तरह यात्रा कर रहे हैं।

## अब तक 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

### सीएम योगी ने सदी की दुर्लभतम घटना कहा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' में योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कहूंगा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से बड़ा बदलाव संभवः जयशंकर



काशी तमिल संगमम 3.0 में प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश आज प्रौद्योगिकी के स्रोत के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति को फिर से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है, क्योंकि परंपरा प्रौद्योगिकी में मदद कर सकती है।


## खबर संक्षेप

### गुरु रंधावा घायल अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** मशहूर सिंगर गुरु रंधावा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, सोशल मीडिया पर अस्पताल के बिस्तर से उन्होंने अपनी परेशान कर देने वाली तस्वीर पोस्ट कर यह खबर दी है। इससे फैंस की चिंता बढ़ गई है। रविवार को सिंगर ने अस्पताल से लेटेस्ट शॉकिंग फोटो शेयर करते हुए हेल्थ अपडेट दी है। उन्होंने भर्ती होने के पीछे की वजह भी बताई है।

### हापुड़ में मासूम का शव पड़ोस की छत पर मिला



**हापुड़।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में दो दिन पहले लापता एक बच्चे का शव पड़ोस की एक छत से बरामद हुआ है। अपहरण के बाद बच्चे की हत्या की आशंका जताई जा रही है। गढ़ के मोहल्ला सेगेवाला निवासी राजाराम का बेटा कृष्णा (8) शुक्रवार से लापता था।

### गोवा घूमने गए पर्यटक ने महिला को कुचला




**पणजी।** दिल्ली के एक पर्यटक को गोवा में गिरफ्तार किया गया है। उस पर पालतू डॉग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक महिला की कुचल कर हत्या करने का आरोप है। ये घटना मंड्रेम में हुई, जब एक स्थानीय महिला ने एक टूरिस्ट फैमिली से रिक्वेस्ट किया कि वे अपने डॉग को उनके घर के पास न लाएं।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके लगे




**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, मंडी में धरती कांपी है। इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। कुछ दिन पहले दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस हुए थे, तब तो लोग डरकर घर से बाहर निकल गए थे।

### कैंटर-पिकअप में टक्कर से 3 लोगों की मौत



**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दस अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि देवबंद सहारनपुर निवासी राहुल सिंह अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ छोटे हाथी (पिकअप) वाहन से आगरा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# प्रेरणास्रोत महिलाएं एक दिन मेरे 'एक्स' इंस्टाग्राम के अकाउंट को करेंगी साझा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने महिला दिवस को लेकर खास चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अगले महीने आने वाले महिला दिवस को लेकर एक खास ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान संविधान सभा में हंसा मेहता के संबोधन को भी पीएम मोदी ने देश के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स और इंस्टाग्राम के अकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपूंगा।

**महिला दिवस पर किया बड़ी पहल का ऐलान**

हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि

अपने मासिक कार्यक्रम के 119 वें एपिसोड में बोले




### भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई

पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। लेकिन मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वालां हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं। स्पेस विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है।

### अंतरिक्ष यात्रा में वैज्ञानिकों ने हासिल की अभूतपूर्व सफलता



मोदी ने कहा कि हमारी स्पेस यात्रा की शुरुआत सामान्य हुई थी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की उड़ान में सफलताओं के ढंडे गाड़ दिए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या एक रॉकेट से 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो हमने रिकॉर्ड बनाए।

### 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रहें

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में हम 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें।

'एग्जाम वॉरियर्स' को दी शुभकामनाएं



### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें।पीएम मोदी ने कहा कि आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बोर्ड एग्जाम का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानि एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए।

## विधानसभा सत्र से पहले भाजपा की बैठक

सत्र आज से कार्यवाही पर की चर्चा



# सीएम रेखा व मंत्री-विधायकों ने किया गहन विचार-विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का नया सत्र सोमवार से शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। सत्र से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। सीएम रेखा गुप्ता समेत मंत्री और विधायक दिल्ली भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस बैठक में विधायकों के साथ सदन में होने वाली कार्यवाही को लेकर चर्चा की। रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में मंत्री कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा आदि थे।

### सीएजी रिपोर्ट होगी पेश


सीएम गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। मंगलवार को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है। 27 फरवरी को पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो सकती है। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर बहस होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी बनीं नेता प्रतिपक्ष



आम आदमी पार्टी ने पार्टी मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक की, जिसमें नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। आप ने ऐलान किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए। गोपाल राय ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है।

## शिकारे की सवारी का आनंद



**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार को धूप वाले सर्दियों के दिन में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद डल झील पर शिकारे की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।

धोती कुर्ता की चिंता छोड़ खेत में उतर गए शिवराज

# दिल्ली से नहीं चलेगा मखाना बोर्ड, भाजपा सरकार जमीन पर उतरकर कर रही काम

एजेंसी ▶▶ दरभंगा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दरभंगा पहुंचे और मखाना किसानों से मिले। उन्होंने मखाना रिसर्च सेंटर का दौरा किया और खेती की प्रक्रिया को समझा। वे खुद खेत में उतरे और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मखाना के पौधे भी रोपे। इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। सांसद गोपाल जी ठाकुर भी मखाना पौधे को रोपे। कार्यक्रम से पहले शिवराज ने दिल्ली मोड़ स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना उत्पादों से जुड़े 10 स्टॉलों का निरीक्षण किया।

### डिप्टी सीएम और सांसद के साथ रोपे मखाना के पौधे



**पीएम किसानों को करेंगे 'मालामाल'**

चौहान ने पीएम मोदी के भागलपुर दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मोदी जी देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में 22 हजार 700 करोड़ से ज्यादा की किसान सम्मान निधि देंगे।

**किसानों से बात कर मखाना बोर्ड का स्वरूप तय करेंगे**

चौहान ने कहा कि मखाना बोर्ड सिर्फ दिल्ली के कृषि भवन से नहीं चलेगा। किसानों से बात कर इसका स्वरूप तय करेंगे।

### किसानों की समस्याओं को दूर करेगा मखाना बोर्ड

चौहान ने बिहार के मखाना को 'सुपर फूड' बताया और किसानों की मेहनत की तारीफ की। उन्होंने बताया कि मखाना बोर्ड किसानों की समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यहां का टैलेंट, यहां के मेहनती किसान और विशेषकर बिहार का मखाना सुपर फूड है। मखाना बोर्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग के अंदर फंसी 8 जिंदगियां

टनल के अंदर खौफनाक मंजर

# सेना-नौसेना भी बचाव में जुटीं, जल्द आएंगे बाहर!

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जहां आठ जिंदगियां फंसी हुई है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने रविवार को कहा कि एसएलबीसी परियोजना में सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद पिछले 30 घंटों से फंसे 8लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। राज्य सरकार भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है।रेड्डी ने उम्मीद जताई है कि फंसे हुए लोगों को जल्द बचा लिया जाएगा। वे परियोजना स्थल पर डेरा डाले हुए हैं।

### राज्यपाल ने ली जानकारी, शासन-प्रशासन भी कर रहे मशक्कत



**9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाना बाकी**

रेड्डी ने कहा कि लगभग 30 साल पहले सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि 44 किमी लंबी सुरंग में से लगभग 9 किमीकी सुरंग बची है, जिस पर काम किया जाना बाकी है। रेड्डी ने कहा कि कल से लापता आठ लोगों के सुरक्षित होने के लिए हम उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं।

**तब 70 लोग काम पर थे**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि मैं मैं हर मिनट निगरानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब सुरंग ढही, तब लगभग 70 लोग सुरंग में काम कर रहे थे। उनमें से अधिकांश बचकर अपनी आंतरिक ट्रेन या लोकोमोटिव से वापस आ गए।

### राज्यपाल ने गहन प्रयास के निर्देश दिए

तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बचाव अभियान के बारे में जानकारी लेने नागरकुरनूल के कलेक्टर बी संतोष से फोन पर बात की। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल , राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना, विशेषज्ञों के साथ बचाव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को सुरंग में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपने गहन प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया।

## धन्यवाद यात्रा से पहले हादसा

# बिहार में अब 100 साल पुराना पुल गिरा, लाखों लोग प्रभावित

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र में एक 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। हादसे के महज कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसे कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे औराई प्रखंड की अतरार अमनौर, महेश्वाड़ा और कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी



पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है। लोगों को शहर जाने के लिए सात किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी होगी, जिसमें अधिकतर रास्ता पैदल पार करना पड़ेगा। लोगों ने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ साल पहले इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी।

सदर मंजिल को नए स्वरूप में विकसित कर बनाए गए फाइव स्टार होटल का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया लोकार्पण

# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में जीवंत होंगे मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के लिए भोपाल पूरी तरह सजकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को जीआईएस का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का यह स्वर्णिम काल चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की शाम सदर मंजिल का जीर्णोद्धार कर बनाए गए फाइव स्टार होटल लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डा. यादव ने जीआईएस के अतिथियों के प्रवास के लिए तैयार सदर मंजिल के सभी कक्षों का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री ने मप्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने वाला वीडियो "स्वागतम बड़ा" किया लॉन्च
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अतिथियों के प्रवास के लिए सदर मंजिल बनकर तैयार

### ताजमहल और गौहर महल का किया जाएगा जीर्णोद्धारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट एक ऐसा निर्णय है जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक इमारतों एवं भवनों को जीवंत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का हर प्राचीन भवन और महल को चमकाया जाएगा। सदर मंजिल की तरह ही भोपाल के ताजमहल और गौहर महल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदर मंजिल में आने वाले अतिथियों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री ने मप्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने वाला वीडियो "स्वागतम बड़ा" लॉन्च किया।

### पर्यटन का नया आकर्षक का केंद्र बनेगा नया भवनः सांसद शर्मा

क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है। 127 साल पहले बनी सदर मंजिल का जीर्णोद्धार विरासत संरक्षण परियोजना के अंतर्गत किया गया है। 2015 में 17 करोड़ की लागत से इस भवन के जीर्णोद्धार की शुरूआत की गई। यह भवन मेरे लिए जनप्रतिनिधि की पाठशाला है। यह ऐतिहासिक भवन पर्यटन का नया आकर्षक केंद्र बनेगा। इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारीआशीष अग्रवाल, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

---

60 से अधिक देशों के राजनयिक, प्रतिनिधि होंगे समिट में शामिल

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह समापन

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटः मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का हो रहा है महाकुंभ

### 20 भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप्स के संस्थापक करेंगे भागीदारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से मध्यप्रदेश, औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। समिट का उद्देश्य निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को एक फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।

समिट का शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और समापन 25 फरवरी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में करेंगे। समिट में देश-विदेश के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और नीति-निर्माता शामिल होंगे। कुल 31 हजार 659 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में



पंजीकरण कराया है। इसमें उद्योग जगत के लगभग 3 हजार 903 विशेष आमंत्रित एवं डेलीगेट्स 8046 रहेंगे। इसमें 300 से अधिक गेस्ट ऑफ ऑनर, 133 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी 3398 स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि, 562 एनआरआई एवं मध्यप्रदेश प्रवासी, विभिन्न उद्योग संघों के 249 प्रतिनिधि और विभिन्न सत्रों एवं विभागीय समिट्स में 10491 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रमुख उद्योगपतियों की उपस्थिति

समिट में भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ उपस्थित रहेंगे। इनमें गौतम अडानी (अध्यक्ष, अडानी समूह), कुमार मंगलम बिरला (अध्यक्ष, आदित्य बिड़ला समूह), संजीव पुरी (सीएमडी, आईटीसी लिमिटेड), नादिर गोदरेज (सीएमडी, गोदरेज इंडस्ट्रीज) अश्विनी अरोडा (एमडी) दावत फूडस रघुपति सिंघानिया, सीएमडी जेके टायर बालकृष्ण गोयनका अध्यक्ष, वेल्सपेन वर्ल्ड, सुनील बजाज कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य बिड़ला, सतीश पई एमडी हिंलातकों इंडस्ट्री, एम के अग्रवाल, एमडी ग्रासिम इंडस्ट्री कैलाश झावर, एमडी अल्ट्राटेक सीमेंट, बाबा एन कल्याणी, सीएमडी भारत फोर्स लिमिटेड, चंद्रजीत बनर्जी, डीजीसीआईआई, कार्तिक भारत राम, संयुक्त एमडीएसआरएफ लिमिटेड, आंद्रे एक होल्ट एमडी हेटिच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, राघवपत सिंघानिया, एमडी जेके सीमेंट, विनोद अग्रवाल, एमडी एवं सीईओ वी कमार्शियल व्हीकल्स, पुनीत डालमिया सीईओ डालमिया सीमेंट, सुधीर मेहता, सीएमडी पिनेकल इंडस्ट्रीज कुमार वेंकर सुब्रमण्यम, एमडी प्रॉक्टर एंड गैंबल, अभय फिरोडिया, अध्यक्ष फोर्स मोटर्स, सुचिता ओसवाल जैन, उपाध्यक्ष वर्धमान, हिरोशी योशिजाने, एमडी ब्रिजस्टोन इंडिया, रवि झुनझुनवाला, सीएमडी एचईजी रंजिदर गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप, राहुल संघवी, निर्देशक संघवी फूड्स, वीर एस अडवणी, सीएमडी ब्लू स्टार, पार्थ प्रतिम सेन गुप्ता, एमडी एवं सीईओ बंधन बैंक एवं इंगो सोलर, सीईओ टीडब्लूई ओबीटी शामिल हैं।

### प्रमुख सत्र, सम्मेलन और औद्योगिक प्रदर्शनियां

समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 7 विभागीय सम्मेलन और 10 विशिष्ट सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सत्रों में फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, कपड़ा उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, खनन, एमएसएमई, शहरी विकास और प्रवासी मध्यप्रदेश शामिल हैं। इन सत्रों में विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर री आंगस्ते टानो कूआमे, बार्कलेज के ग्लोबल हेड आनंद चित्रे, आईटीईएएस सिंगापुर को सीओओ लिम बून तियोंग, हीरा नंदानी डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक डॉ. निरंजन हीरानंदानी, सिस्को इंडिया की डेजी चित्तिला पिल्लई, डीएलएफ ग्रुप के अध्यक्ष राजीव सिंह, बिल एंड मेलिंडा गेस्ट फाउंडेशन रोशो राज श्रेष्ठ जैसे प्रमुख वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसके अतिरिक्त, समिट में 5 अंतरराष्ट्रीय सत्र भी होंगे जिनमें ग्लोबल साउथ कंट्रीज का सम्मेलन, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन सत्र तथा प्रमुख भागीदार देशों के विशेष सत्र शामिल हैं। समिट में तीन विशेष औद्योगिक प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं। इनमें ऑटो शो, कपड़ा और फैशन एक्सपो और एक जिला-एक उत्पाद ग्राम प्रदर्शनी शामिल हैं।

### समिट में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी

जीआईएस में 60 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि, उच्चायुक्त, काउंसल जनरल और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसमें प्रमुख भागीदार देशों में जापान, जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर शामिल हैं। जीआईएस में मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू, अंगोल, बुर्किनाफांसो, मोरक्को, मोल्दोवा, नेपाल और जिम्बाम्बे के राजदूत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, फिजी, जमैका, लेसोथो, रवांडा, सेशेल्स और युगांडा के उच्चायुक्त, यूके, कनाडा, नीदरलैंड, पौलैंड ताइवान, दक्षिण अफ्रिका, कोरूटारिका, पनामा, मैक्सिको, टोगो, स्लोवेनिया के वरिष्ठ राजनयिक बुलगारिया, जिबूती, अल्बानिया, तुबालु हैती, म्यांमार, पलाऊ पौलेंड, दक्षिण कोरिया, रोमानिया और उज्बेकिस्तान के ओनोरेरी कौंसल शामिल है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक, डब्ल्यूएआईपीए, जेट्रो, टीएआईटीएआरए, इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत आयरलैंड परिषद सिंगापुर इंडिया चैंबर आफ कॉमर्स, कोरिया इंडिया चैंबर ऑफ कामर्स, इंडो पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संगठन भी शामिल होंगे।

## प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी जीआईएसः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने कहा, भोपाल में होंगे ऐसे और भी आयोजन, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को अब जिला स्तर तक लेकर जाएंगे
- मुख्यमंत्री ने भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24-25 फरवरी को आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से पहले भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईएस की तैयारियों में लगे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश आयेंगे। उनका आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली क्षण है। हम प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सालों के बाद ऐसा अवसर आया है कि प्रधानमंत्री भोपाल में ही रात्रि विश्राम करेंगे। जीआईएस-2025 की तैयारियों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसमें देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति एवं निवेशक शामिल होंगे, जिनका आत्मीय आतिथ्य-सत्कार किया जाएगा। हम न केवल उन्हें निवेश के सभी अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि उनका विश्वास भी जीतने का प्रयास करेंगे।

### प्रदेशभर में निवेश लाने की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि भोपाल जीआईएस-2025 एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार के बड़े आयोजनों के लिए आगे भी प्रयास कि जाएंगे। मध्यप्रदेश देश में नंबर-1 बने इस दिशा में एक अभिनव प्रयास भोपाल में हो रहा है। सरकार ने संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर प्रदेशभर में औद्योगिकीकरण एवं निवेश लाने की शुरुआत की है। अब हमारी सरकार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को जिला स्तर तक लेकर जाएगी, जिससे हर जिले, हर ब्लॉक के औद्योगिक विकास को भी और अधिक गति मिलेगी।

---

सभी मामलों में पुलिस कर रही मामले की जांच, घायल अस्पताल में उपचाररत

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शनिवार की सुबह से लेकर देर रात तक हादसों का दौर चलता रहा। इन हादसों में किसी ने पेड़ से गाड़ी को ठोका तो कोई वाहन पुलिया से टकरा कर गड्ढे में जा गिरा। पूरे दिन भर चले हादसों में दो की मौत हुई है तो वहीं 11 लोग घायल हुए हैं। इन दुर्घटनाओं में जहां कुछ लोगों को गंभीर चोट लगने के कारण हॉस्पिटल भेजा गया, तो वहीं कुछ लोगों को मामूली चोटें आई, जिसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

पहली घटना केशकाल में बेंगलुरु में रहने वाला परिवार अपने निजी वाहन से प्रयागराज जा रहे थे कि बोरगांव के पास एक पुलिया से टकराने से 2 की मौत हो गई, वहीं 4 लोग घायल हो गए। दूसरी घटना नेशनल हाईवे आसना के पास सीआरपीएफ जवानों का वाहन एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए दुकान में जा घुसा। इस हादसे में बाइक सवार को चोट आई। वहीं, कुछ जवानों को भी हल्की फुल्की चोट आई। तीसरी घटना नया बस स्टैंड क्षेत्र में हुई। जहां



अतिथि होटल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार जिसमें दो लोग सवार थे, कार की रफ्तार तेज होने के कारण डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार के चारों पहिए ऊपर हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला। जबकि चौथी घटना दलपत सागर के पीछे हुई जहां एक तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, घायलों को हॉस्पिटल ले जाया गया।

पुलिस ने पकड़ा, आरोपी कर चुका है पहले भी ऐसी घटनाएं

## कार में आग लगाकर भाग रहा बदमाश पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक अज्ञात युवक ने अर्टिगा कार में मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दिया। कार को आग में जलता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। पड़ोसी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उठे तो देखा कि उनके घर के बाहर खड़ी अर्टिगा कार जल रही है जिसे किसी तरह से बुझाया गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया। मामला जुटमिल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक का नाम सलीम खान है। वह झुमका बरेली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि, इससे पहले उसने



बुलेट और घर में भी आग लगाने कोशिश की थी। ठीक उसी प्रकार बीती रात को सलीम खान ने दुर्गेश यादव के घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दिया। कार को आग में जलता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। पड़ोसी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उठे तो देखा कि उनके घर के बाहर खड़ी अर्टिगा कार जल रही है जिसे किसी तरह से बुझाया गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

---

न्याय हमारी आत्मा में बसना चाहिए, बेहतरी के लिए काम करें: जस्टिस माहेश्वरी

# लोक अभियोजन न्याय प्रणाली की प्रमुख कड़ी, पीड़ितों को न्याय दिलाने करें कामः मुख्यमंत्री

*न्याय प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन में मददगार बनें: चीफ जस्टिस कैत*

*नए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अभियोजन अधिकारियों की न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। न्यायालय, पुलिस और अभियोजन मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय, शासन, प्रशासन और अभियोजन के आपसी समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. यादव शनिवार को कान्हासैंया स्थित केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 210 से अधिक नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी, मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस विवेक अग्रवाल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर इस 45 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए हर प्रबंध करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए अपराधिक कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सरकार हर जरूरी प्रबंध करेगी और न्याय तंत्र को बेहतर बनाने के लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देश में सुशासन स्थापित करने में हमारी न्यायपालिका की अत्यंत सराहनीय भूमिका है। लोक अभियोजन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे पीड़ितों को अपनी युवा ऊर्जा, मेधा से तत्परतापूर्वक न्याय दिलाएं।



### कोर्ट में अधिवक्ताओं और अभियोजकों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था की मांग

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा कि न्याय पाना सबका अधिकार है। यह हमारा मानवीय अधिकार भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से ई-कोर्ट और ई-लाईब्रेरी सहित कोर्टस में अधिवक्ताओं और अभियोजकों की समुचित बैठक व्यवस्था के लिए प्रबंध किए जाने की मांग रखी। माहेश्वरी ने कहा कि न्याय पाने की मंशा हमारी आत्मा में, हमारे दिलों में बसना चाहिए। सम्राट विक्रमादित्य ने भी अपनी न्याय प्रणाली से सबके दिलों में न्याय प्रणाली के प्रति आस्था जागृत की थी। सरकार की महिमा उसकी न्याय प्रणाली की बेहतरी से ही दृष्टिगोचर होती है। नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अपने कौशल को सुधारें और न्याय प्रणाली की बेहतरी केलिए काम करें।

### अभियोजन अधिकारी न्याय प्रणाली की प्राथमिक कड़ी

विशेष अतिथि मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा कि अभियोजन अधिकारी न्याय प्रणाली की प्राथमिक कड़ी हैं। वे जो साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे, उसी से केस की मजबूती तय होगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य लेकर आने की जिम्मेदारी अभियोजन की होती है। इसीलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए अभियोजन अधिकारी समर्पित होकर अपने कर्तव्य को अंजाम दें। दोष सिद्धि दर बढ़ाएं, जिससे अपराधियों को सजा मिले। जस्टिस श्री कैत ने कहाकि अभियोजन अधिकारियों को न्याय प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन और सत्य की खोज में न्यायाधीशों का मददगार बनना चाहिए।

### लोक अभियोजक न्याय और परिवर्तन लाने के ध्वजवाहक

विशिष्ट अतिथि मप्र होईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल ने कहा कि लोक अभियोजक समाज में न्याय और परिवर्तन लाने के ध्वजवाहक हैं। दोषियों को सजा दिलाने में उनकी अहम भूमिका होती है। अभियोजन की सफलता में परफेक्शन जरूरी है, इसलिए नए अभियोजन अधिकारी अपने ज्ञान को अपडेट करें, संवेदनशील बनें, प्रलोभन से बचें और अपने पद एवं आचरण की शुचिता बनाए रखकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया ने सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम की उद्देश्यिका एवं संक्षेपिका का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 45 दिन तक चलेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।